शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 80 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 16 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मेरे निर्णय देश के समग्र विकास के लिए: मोदी

भाजपा का घोषणापत्र पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं के साथ जुड़ा हुआ है:

नई दिल्ली

कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के युवाओं को निराश करता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र ने युवा मतदाताओं की आकांक्षाओं को नकार दिया है। यह कहना है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। एएनआई को दिए गए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणापत्र पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं के साथ जुड़ा हुआ है। इंटरव्यू में उन्होंने अपनी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेरे पास बड़ी योजनाएं हैं। मुझे किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने, दबाने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के समग्र विकास के लिए हैं।

एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश को फायदा

एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रधानमंत्री मोदी ने साक्षात्कार में कहा कि यह हमारी प्रतिबद्धता है। हमने इसके लिए समिति बनाई, जिसे कई लोगों ने अपने सुझाव दिए। एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना को लेकर सकारात्मक सुझाव आए हैं। अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए तो देश को बहुत फायदा होगा। गौरतलब है कि रविवार को जारी किए गए घोषणा पत्र में भी भाजपा ने एक राष्ट्र-एक चुनाव लागू करने का वादा किया है।

मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं

यह तो सिर्फ ट्रेलर है का क्या मतलब होता है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि जब मैं कहता हूं कि मेरे मन में बहुत बड़े-बड़े प्लान हैं। इससे किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय किसी को दबाने के लिए भी नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। मेरे निर्णय जनकल्याण के लिए हैं। देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मैं देर नहीं करना चाहता।

'जब मैं मुख्यमंत्री था, तब उन्होंने मेरे गृह मंत्री को जेल में डाल दिया था। देश को समझना होगा कि राजनीतिक नेताओं पर ईडी के सिर्फ तीन फीसदी केस ही हैं"

दुनिया के टॉप 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल हुआ दिल्ली एयरपोर्ट

नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली एयरपोर्ट 2023 के लिए दुनिया के सबसे 10 व्यस्ततम हवाई अड्डों की सूची में शामिल हुआ है।

एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड की ओर से सोमवार को जारी सूची के मुताबिक राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दसवें पायदान पर है। सूची में अमेरिका का हट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सबसे ऊपर है जबकि दुबई और डलास हवाई अड्डे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इस सूची में लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट चौथे, टोक्यो का हनेडा हवाई अड्डा पांचवें, डेनवर का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा छठे, इस्तांबुल हवाई अड्डा सातवें, लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आठवें और शिकागो का ओहारे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नौवें स्थान पर है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भाभी भाजपा में शामिल

दुर्ग

लोकसभा चुनाव से पहले एक के बाद एक पार्टी के नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी आज दुर्ग में भी कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है।

दरअसल आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दुर्ग के मानस भवन पहुंचे थे। जहां लोकसभा भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल के नामांकन रैली सभा के दौरान ही कांग्रेस के कई नेताओं ने भाजपा में प्रवेश कराया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीमा बघेल को भाजपा का भगवा गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भाभी सीमा बघेल ने भाजपा प्रवेश किया है। सीमा बघेल का भाजपा प्रवेश होना, भूपेश बघेल को परिवारिक तौर पर भी बड़ा झटका लगा है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीमा बघेल के भाजपा प्रवेश को लेकर कहा कि भाजपा से आई थीं और दोबारा भाजपा में गई हैं। सीमा बघेल के अलाव पूर्व जिला अध्यक्ष स्वा घनाराम साहू के बेटे सतीश साहू भी भाजपा में शामिल हो गये हैं। इनके अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस, जेसीसीजे के कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट निशाने पर है, न्यायिक स्वतंत्रता को सबसे बड़ा खतरा भाजपा से: जयराम रमेश

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट निशाने पर है। न्यायिक स्वतंत्रता को सबसे बड़ा खतरा भाजपा से है। यह कहना है कि कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश का। दरअसल, शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा। पत्र में न्यायपालिका को कमजोर करने के प्रयासों पर चिंता जताई गई थी। मामले में रमेश ने कहा कि यह पत्र न्यायपालिका को धमकाने और डराने के प्रधानमंत्री के प्रयासों का हिस्सा है। बता दें, पत्र में कुछ गुटों की ओर से सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के बढ़ते प्रयासों का जिक्र किया गया है।

न्यायिक स्वतंत्रता को भाजपा से खतरा: रमेश

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रमेश ने कहा कि यह पत्र हाल के महीनों में अपनी ताकत दिखाने वाली न्यायपालिका को डराने का प्रयास है। न्यायपालिका जिसने भारत के सबसे बड़े भ्रष्टाचार चुनावी बांड को उजागर किया है। यह उस सर्वोच्च न्यायालय को डराने का प्रयास है, जिसने कहा कि मणिपुर में संवैधानिक तंत्र ध्वस्त हो गया है। रमेश ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट निशाने पर है, क्योंकि अदालत की एक महिला जज ने हाल ही में नोटबंदी की काफी आलोचना की थी।

दिल्लीवासियों का कमल पर वोट, केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार पर होगी चोट: ओपी धनखड़

नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ ने सोमवार को पश्चिमी दिल्ली और दक्षिण दिल्ली में लोकसभा क्षेत्र की विस्तृत और चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में भाजपा के संकल्प 400 पार को दोहराते हुए केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार पर चोट करने पर बल दिया। प्रदेश के चुनाव प्रभारी धनखड़ ने कहा कि देश में तुष्टीकरण की राजनीति का अंत हो रहा है। भ्रष्ट राजनीति का अंत हो रहा है, परिवारवाद की राजनीति का अंत हो रहा है। यह देश के विकास की राजनीति का युग है। मोदी जी ने पिछले दस वर्षों में यह काम करके दिखाया है। हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाया है। कश्मीर से धारा 370 खत्म की, द्वारका एक्सप्रेस वे जैसे रोड दिल्ली की मिले, रिकॉर्ड ढांचागत विकास हुआ। महिला उत्थान के अनेक कार्य हुए। देश की सीमाओं को मजबूत किया। रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए।

जेल में केजरीवाल से मिल भावुक हुए मान, बोले- सीएम के साथ हो रहा आतंकवादियों जैसा सलूक

नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने सोमवार को जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात करीब 30 मिनट चली। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में मान ने कहा कि जेल में अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा सलूक किया जा रहा है। उनकी शीशे के पार से फोन पर बात कराई गई, शीशा भी बहुत गंदा था, एक-दूसरे की शक्ल भी अच्छे से नहीं दिख रही थी। अरविंद केजरीवाल का कसूर इतना ही है कि उन्होंने स्कूल-अस्पताल बना दिए, लोगों की बिजली-पानी मुफ्त कर दी। इसलिए उनको दुर्दांत अपराधियों वाली सहूलियतें भी नहीं मिल रही हैं। वहीं, डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पूरे समय दिल्ली और पंजाब की जनता के सुख-दुख के बारे में पूछा। उन्होंने पूछा कि लोगों को मुफ्त बिजली, पानी, इलाज और महिलाओं को बस सेवा की सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं। सोमवार को जेल में केजरीवाल से मुलाकात करने के बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि हमारी आधे घंटे की मुलाकात थी।

सरकार जेल से चल रही है, अगले हफ्ते से मंत्रियों के साथ कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे सीएम: आप

नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी का कहना है कि दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में जेल से ही चल रही है। अगले हफ्ते से मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री कार्यों की समीक्षा करेंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि सोमवार को उन्हें और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से 30 मिनट की मुलाकात का समय मिला।

पाठक ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने हमसे बोला है कि अगले हफ्ते से वे दो-दो मंत्रियों को जेल में बुलाकर मीटिंग करेंगे। इस दौरान मंत्रियों के विभागों की समीक्षा करेंगे कि काम ठीक से चल रहा है या नहीं। इसके साथ ही मंत्रियों को काम से संबंधित गाइड लाइंस और डायरेक्शन देंगे। दो मंत्रियों के साथ बैठक को लेकर जो भी कानूनी प्रक्रिया होगी, उसके तहत ही कार्य किए जाएंगे। अगले हफ्ते से जब अरविंद केजरीवाल दो-दो मंत्रियों को बुलाएंगे और उनके विभागों की समीक्षा होगी तो जेल से प्रॉपर तरीके से सरकार चलेगी। उन्होंने बताया कि केजरीवाल ने सभी विधायकों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए कहा है कि वो हर घर में जनता के पास जाकर बातचीत करें और उनको जो भी तकलीफ और असुविधा हो रही है, उनको दूर करें। विधायक पहले जितने घंटे जनता से मिलते और मेहनत करते थे, अब सभी विधायकों को दोगुनी मेहनत करनी है। हमने माताओं और बहनों को हर महीने एक हजार रुपये की सम्मान राशि देने की बात कही है, वो बजट में पास भी हो गया है। किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने हावड़ा में जुलूस निकालने की दी अनुमति

कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को हावड़ा शहर में रामनवमी पर जुलूस निकालने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने शर्त लगाई है कि आयोजन बिना की तनाव के संपन्न हो। हालांकि, अदालत ने यह अनुमति कई शर्तों के साथ दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, याचिकाकर्ताओं ने शिबपुर आईआईईएसटी के पास से हुगली नदी के तट पर स्थित रामकृष्णपुर फेरी घाट तक शोभायात्रा निकालने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने विश्व हिंदू परिषद को जुलूस की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी उत्तेजक नारे नहीं लगाए जाएंगे। रास्ते में बिना रुके ही आगे बढ़ना होगा। अदालत ने आदेश दिया कि जुलूस में अधिकतम 200 प्रतिभागी ही शामिल हो सकते हैं। पांच स्वयंसेवक सुनिश्चित करेंगे कि 200 की संख्या का उल्लंघन न हो।

मुंबई के मीरा रोड में भड़काऊ भाषणों मामले की सुनवाई

इसके अलावा, बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की दो सदस्यीय पीठ ने सोमवार को जनवरी में मीरा रोड में भाजपा विधायक नितेश राणे, गीता जैन और तेलंगाना विधायक टी राजा सिंह द्वारा दिए गए कथित भड़काऊ भाषणों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की।

इस दौरान उन्होंने महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ को कथित नफरत भरे भाषणों की जांच करने और यह निर्धारित करने का निर्देश दिया कि क्या उनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है। बता दें, मामले की आगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी।

कोर्ट ने शाहजहां शेख को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एक विशेष पीएमएलए कोर्ट ने टीएमसी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। दूसरी तरफ प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने धन शोधन से जुड़े एक मामले की जांच के तहत शाहजहां शेख के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

धन शोधन मामले में न्यायिका हिरासत में भेजे गए

शेख को मछली पालन व्यवसाय से जुड़े कथित धन शोधन के मामले में सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस मामले में आरोप लगाया है कि शेख ने मछली पालन व्यवसाय की आड़ में असहाय ग्रामीणों की जमीन हड़प कर मिली रकम की हेराफेरी कर मनी लॉन्ड्रिंग को अंजाम दिया। ईडी ने सोमवार को कोर्ट से शेख को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने की अपील की।

गौरतलब है कि शाहजहां शेख को के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा हमला करने के मामले के सिलसिले में 30 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। यह घटना उस समय हुई थी ईडी की टीम एक अन्य मामले में शेख के परिसरों की तलाशी लेने उत्तर 24 परगना स्थित संदेशखाली गई थी।

विज्ञापन

ईडी ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का किया विरोध

नई दिल्ली

ईडी ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि प्रॉफिट मार्जिन को सात फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी करने को सही ठहराने को लेकर कोई बैठक या चर्चा नहीं की गई। ये नीति कुछ थोक विक्रेताओं के पक्ष में थी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 20 अप्रैल को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि सिसोदिया के वकील सिर्फ ट्रायल में देरी को लेकर जमानत के लिए दबाव बना रहे हैं। उसके लिए उनको हलफनामा दाखिल करना चाहिए क्योंकि इस मामले मे बड़ी संख्या में अलग-अलग अर्जियां दाखिल की गई थीं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि मुकदमा धीमी गति से चल रहा है।

'भ्रष्टाचार अब अवसर या नौकरी का पासवर्ड नहीं, बल्कि जेल जाने का रास्ता'

नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को भ्रष्टाचारियों पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि सत्ता के गलियारों में भ्रष्ट तत्वों को पूरी तरह से बेअसर कर दिया गया है। भ्रष्टाचार अब अवसर, नौकरी या अनुबंध का पासवर्ड नहीं है, बल्कि जेल जाने का रास्ता है।

वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 76वें बैच के समापन समारोह में धनखड़ शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार अब प्रशासन को निर्देशित नहीं करता है। भारत अब सोया हुआ देश नहीं रहा, बल्कि वह तेजी से वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'जी-20 की अध्यक्षता के दौरान हम ग्लोबल साउथ की आवाज बने। राष्ट्रों का ऐसा शक्तिशाली संयोजन। जीडीपी और जनसंख्या को देखें जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही थी। यह अब एक प्रमुख मंच पर है, जिसका श्रेय भारत और हमारे दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है।'



नकदी को संभालना समाज में एक समस्या रही

आईआरएस अधिकारियों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि नकदी को संभालना समाज में एक समस्या रही है और प्रौद्योगिकी ने नकदी की झंझट से मुक्ति दिलाई है। इस तरह के कदमों से व्यवस्था में पारदर्शिता आई है। भारत में आज भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाता है।

भ्रष्टाचार पर ज्यादा बात नहीं करूंगा

उन्होंने कहा, 'मैं आज भ्रष्टाचार पर ज्यादा बात नहीं करूंगा, लेकिन एक बात सुनिश्चित है कि अब सत्ता के गलियारों में भ्रष्ट तत्वों से पूरी तरह बेअसर कर दिया गया है।

भ्रष्टाचार अब अवसर, नौकरी या अनुबंध का पासवर्ड नहीं है। भ्रष्टाचार जेल का रास्ता दिखाता है। यह एक बड़ा बदलाव है और भ्रष्टाचार अब हमारे प्रशासन को निर्देशित नहीं करता है।' धनखड़ ने कहा कि आजादी के बाद एक समय भारत दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक था। 1991 में भी भारत की अर्थव्यवस्था पेरिस और लंदन जैसे शहरों की तुलना में छोटी थी। यह भारत का आकार था, जिसे एक समय में सोने की चिड़िया के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था फ्रांस और ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था से बहुत आगे है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अगले दो साल में भारत जापान और जर्मनी से आगे हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बदलाव हमारे देश के अनुकूल नीति निर्माण और लागू की गई दृष्टि तथा नौकरशाही के कारण हुआ है। धनखड़ ने कहा कि भारत 6.5 से 7 प्रतिशत की औसत जीडीपी वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

मेजा के पहाड़ी इलाके के दर्जनों गांवों में पेयजल संकट गहराया

गर्मी की वजह से तेजी से गिर रहा है भूजल स्तर, जल स्त्रोतों से कीचड़ युक्त पानी आने से लोग हो रहे हलकान

अखंड भारत संदेश



मेजा। मौसम के तल्ख होते मिजाज से मेजा तहसील क्षेत्र के पहाड़ी अंचलों में पेयजल की किल्लत शुरू हो गयी है।तेज धूप और जलती पहाड़ी की वजह से जल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है आलम यह है कि अधिकांश जल स्त्रोतों से कीचड़ युक्त पानी मिलने से संकट गहराता जा रहा है। मौसम का पारा चढ़ने से बढ़ी गर्मी की वजह से विकास खण्ड मेजा के पाठा इलाके में पेयजल की कमी हो गई है। भूजल स्तर काफी नीचे खिसक जाने से क्षेत्र के पटेहरा, सिलौधी, सिरहिर, चांद खम्हरिया,खूंटा, सलैया खुर्द, सलैया कला, नई गढ़ी सहित दर्जनो गांवों में पेयजल का संकट बढ़ गया है। क्षेत्र के नंदलाल, कृष्णापाल, राजमणि कोल, सूर्य लाल, राजकुमार सहित कई लोगो ने बताया कि एक बाल्टी पानी के लिए घण्टों लाइन लगानी पड़ रही है।इसकी वजह है कि गिनती के हैण्डपम्प व कुंओं से ही पानी मिल पा रहा है।मई और जून में यह स्थिति और भयावह हो जाती है।गर्मी के दिनों में विकास खण्ड मेजा के पहाड़ी इलाके के दर्जनों गांवों में एक लंबे अर्से से पेयजल से जूझना पड़ता है।इस इलाके के लिए तहसील प्रशासन द्वारा टैंकर से जलापूर्ति की जाती है।पानी किल्लत दूर करने के लिए सरकार द्वारा सैकड़ो ब्लास्टिंग कूप के निर्माण कराए गए लेकिन यह योजना कारगर नही हुई।इस क्षेत्र में पटेहरा,सिलौधी,नई गढ़ी एकल पेयजल योजना को आकार दिया गया लेकिन जलापूर्ति नही सम्भव हो पाई।क्षेत्रकेपँचायतप्रतिनिधियों ने इस अहम मसले पर कई बार जन प्रतिनिधियों सहित प्रशासन के सामने मुद्दे उठाए लेकिन कोई ठोस उपाय नही किए गए।हालात यह है कि तहसील क्षेत्र की 90 प्रतिशत पेयजल समूह बीमार हैं।रोज हाय तौबा के वावजूद जल निगम विभाग फण्ड के अभाव का रोना रोते हुए हाँथ खड़े कर देता है।

शिक्षक,अभिभावक की बैठक 19 को

शंकरगढ़। स्थानीय राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन की बैठक 19 अप्रैल को होगी।उक्त बैठक की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने बताया कि 19 अप्रैल को सुबह 10 बजे से यह बैठक आयोजित होगी,जिसमें सभी अभिभावक विद्यालय में समय से उपस्थित हों।

उपेक्षा पर प्रयाग व्यापार मंडल नाराज

प्रयागराज। प्रयाग व्यापार मंडल के कैंप कार्यालय पालकों चौक पर मण्डल के महामंत्री सुहैल अहमद की अध्यक्षता में एक मीटिंग आहूत की गई। संचालन अरूण केसरवानी अध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज ने किया और जिला प्रशासन से तथा नगर निगम से मांग की कि प्रयागराज का गौरव पूर्ण घंटाघर जिसकी घड़ी लगभग साल भर से बंद है और इस घड़ी का घंटा भी नहीं बजता इसको अतिशिघ्र ठीक कराया जाय इसकी कई बार सूचना समाचार पत्रों और सोशल मीडिया द्वारा प्रयाग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम ने किया भी लेकीन विडंबना है अभी तक ठीक नहीं कराया गया।

न्यूज झरोखा

प्राथमिक विद्यालय सोनाई में मतदाता जागरूकता की दिलाई गई शपथ

करछना प्रयागराज लोक सभा क्षेत्र 52 इलाहाबाद के विधान सभा 260करछना के बूथ संख्या 285 एवम् 286 प्राथमिक विद्यालय सोनाई करछना प्रयागराज में मतदाता जागरूकता, स्कूल चलो अभियान, नामांकन वृद्धि की विशाल रैली का आयोजन ग्राम प्रधान मंजूलता श्रीवास्तव के प्रतिनिधि दिनेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें प्रयागराज समाज उत्थान समिति कचरी करछना प्रयागराज के प्रबन्धक समाज सेवक डॉ कुल भूषण सिंह पटेल द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई तथा बच्चों को योग का उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रमाण पत्र संस्था द्वारा ग्राम प्रधान के कर कमलों द्वारा वितरित किया गया। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग से प्रधानाध्यापक छाया रानी कोटार्य, शिक्षकों में विभा सिंह, शिक्षा मित्रों में अभिलाषा, संगीता सिंह, ग्राम वासियों में भोला, प्रकाश चन्द्र, कमलेश, शशि प्रकाश, अंजनी, अजय, मनोज, मंजू आदि मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में हर्ष एवम् उत्साह का माहौल रहा।

मतदान जागरूकता रैली निकाली कर लोगों को किया गया जागरूक

करछना विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा भरहा प्राइमरी पाठशाला मे सोमवार एडीओ सेक्टर प्रभारी कोआपरेटिव सोनल शुक्ला के द्वारा ग्राम सभा प्रधान व अन्य लोगों के साथ आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी कमल सिंह , त्रिवेणी शंकर श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, आंगनबाड़ी कार्यकत्री रीता देवी , सहायिका रामकली , उषा देवी , संजय सरोज पंचायत सहायक, राम सवारी, राकेश यादव शिक्षा मित्र, अनीश कुमार पटेल, उमेश कुमार पटेल, प्रदीप कुमार पटेल,

विनय कुशवाहा प्रदेश सचिव मनोनीत।

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की स्वीकृत पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी ने पत्र जारी किया। प्रयागराज 15 अप्रैल।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने पूर्व प्रदेश प्रवक्ता पूर्व पार्षद चार बार के जिलाउपाध्यक्ष विनय कुशवाहा को समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है ।जिसका पत्र प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी ने जारी किया । मनोयन पर विनय कुशवाहा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अखिलेश यादव जी ने पीडीए का सही स्वरूप प्रदान किया हैं इस लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण में जिसमें सभी जातियों का प्रतिनिधित्व दिया है।जिसके परिणामस्वरूप इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में आश्चर्य जनक परिणाम आयेगा।

अबकी बार 400 पार जंघई कालोनी में बोले कृपाशंकर सिंह

जंघई। प्रधान कार्यालय सेमरी, जंघई कालोनी में ग्राम प्रधान प्रमोद गुप्ता द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी जौनपुर कृपाशंकर सिंह हेतु स्वागत एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान प्रमोद गुप्ता ने प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह एवं राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी का स्वागत अभिनंदन किया एवं उपस्थित जनसमूह के साथ जंघई कालोनी में पैदल चलकर जनसंपर्क करते हुए लोगो से मतदान हेतु अपील किया। कृपाशंकर सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो देश, प्रदेश की समस्त जनता को साथ में लेकर चल रही है अन्य दल के लोगो को जनता की याद तभी आती है जब देश या प्रदेश में चुनाव आता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मिल रहा है देश प्रदेश में शांति है अपराधी अपराध करने से डर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के माफियाओं पर बुलडोजर चलाने व आम जनता को मिलने वाली मूल सुविधाओं को गिनाया कहा कि जौनपुर जनपद मेरा घर परिवार है प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ने मुझे आप लोगों की सेवा एवं क्षेत्र के विकास करने हेतु भेजा है भाजपा को मतदान करके क्षेत्र एवं प्रदेश एवं देश के सर्वांगीण चहुंमुखी विकास में योगदान करें। सेमरी जंघई कालोनी में जनसंपर्क का कार्यक्रम सुरेंद्र विक्रम सिंह सनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, लोकसभा प्रभारी अमरनाथ यादव, विधानसभा संयोजक पंकज सिंह, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह फंटू, ब्लॉक प्रमुख श्रीप्रकाश शुक्ला, जिला कार्यसमिति सदस्य चन्द्रमणि तिवारी, रमेश प्रताप सिंह महामंत्री, कुंवर विजेंद्र सिंह, वेदप्रकाश मिश्र, अंशुमान शुक्ला, अनुराग सिंह, मनोज दुबे, अजय गुप्ता, राम मिश्रा, नंदलाल गुप्ता, आशीष दुबे, बृजेश मौर्या, राजकुमार जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

श्री राम महोत्सव का कार्यक्रम हुआ संपन्न

कौंधियारा/जारी। रविवार को जारी बाजार , गड़ैया कला के रामलीला मैदान में श्री राम महोत्सव समिति के द्वारा धर्म सभा और शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें फलहारी आश्रम के पूज्य संत रामरतन दास महराज,चाणक्य पीठ के सुदर्शन शरण महराज ,योग गुरु परमहंस राजकुमार महराज,लवकुश दास सहित क्षेत्र के कई संत साध्वीया एवं विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल मंचासीन रहे मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक विश्व हिंदू परिषद पूर्वी उत्तर प्रदेश के गौरक्षा प्रमुख मधुराम ने रामभक्तो को संबोधित करते हुए कहा की श्री राम का मंदिर बन गया है। पर कौन बचाएगा राम के मंदिर को जब तक हिंदू युवा संस्कारी नही होगा। उसके बाजुवो में ताकत नही होगी मस्तिष्क में बुद्धि नही होगी तो कौन रोकेगा अधर्मियो को आज हनुमान का रूप रख कर सड़क पर नचाया जाता है। हनुमान का दर्शन क्या था और हमको क्या दिखाया जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को क्या बताया जा रहा है कि हनुमान सिर्फ एक डांसर था कहा जा रहा हिंदू समाज कौन करेगा धर्म की रक्षा इसलिए हमारे आने वाली पीढ़ी को धर्म के प्रति संस्कारी होना होगा तभी राम का मंदिर बचेगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल काशी प्रांत के पूर्व प्रांत सुरक्षा प्रमुख विपिन कुमार गुप्ता ने कहा हमारे पूर्वजों ने राम लला के मंदिर को बचाने के लिए लाखो की संख्या में बलिदान दिया है। हमारे राम लला को उनका घर मिला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एस के वर्मा एवं संचालन विनय कुमार और समापन रवि केशरी ने धर्म सभा का समापन कराया उसके बाद बालक रामलला की शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए श्री बड़े हनुमान जी के मंदिर में समाप्त हुई शोभा यात्रा रामभक्त जय श्री राम भारत माता की जय का उद्घोष करते रामसखा, सुधीर बउआ कपूर अग्रहरी शिवबाबू अग्रहरी संतोष जायसवाल, गोपी केसरवानी बजरंग बहादुर सिंह राम कैलाश पांडेअनिल सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के रामभक्त शामिल हुए। जहां पर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी व्यवस्था में खड़ी दिखी

गन्ने टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों द्वारा यात्रियों को पीटा

बारा। बारा क्षेत्र में स्थित गन्ने टोल प्लाजा के कर्मचारियों के द्वारा आए दिन यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।आखिर इनके इन हरकतों पर सरकार के जिम्मेदार क्यों कोई कार्यवाही करते नजर नहीं आते जो लोगों के जहन में एक अहम और बड़ा सवाल खड़ा करता है। जबकि सड़क परिवहन मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जनता की सुविधा के लिए टोल प्लाजाओं की नियमावली बनाते हुए सुविधाएं प्रदान की हैं फिर इन टोल कर्मियों के द्वारा नियमों की अनदेखी क्यों की जाती है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि आचार संहिता लागू होने के बावजूद भी शासन व प्रशासन में बेखौफ टोल कर्मचारियों द्वारा यात्रियों से मारपीट करना आम बात हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे लोग प्रदेश के जनपद प्रयागराज में नहीं बल्कि पाकिस्तान का बॉर्डर लांघ रहे हों। मजे की बात तो यह है कि हाईवे पर टोल प्लाजा पर बैठी पुलिस यात्रियों की सुरक्षा के बजाय मारपीट के दौरान मूकदर्शक बनी देखती रहती है। वहीं लोगों के बीच में चचाओं का बाजार गर्म है कि ईमानदार सरकार को बदनाम करने के लिए खुल्लम-खुल्ला इस तरह का नंगा नाच यात्रियों के साथ किया जाता है अगर सरकार के नुमाइंदों और टोल कर्मियों का इसी तरह रवैया रहा तो आगामी लोकसभा चुनाव में भी सरकार को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। इन कर्मियों का आए दिन यात्रियों से मारपीट एक सूत्रीय कार्यक्रम में शुमार हो गया है। ऐसे दुर्व्यवहार से आजिज आकर लोगों ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का ध्यान आकर्षण करते हुए कहा है कि ऐसा घटिया कार्य सरकार को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप में बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। बता दें कि अभी हाल ही में गन्ने टोल प्लाजा में टोल कर्मियों द्वारा पत्रकारों से मारपीट का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि कार सवार यात्री मैहर से दर्शन करके लौट रही महिलाओं के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है जो कहीं ना कहीं जिम्मेदारों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

मां कल्याणी ने माता काल रात्रि का भव्य और दिव्य स्वरूप में भक्तों को दिया दर्शन

प्रयागराज। श्री नव संवत्सर मानव समिति कल्याणी देवी प्रयागराज के द्वारा मां कल्याणी देवी के धाम में आयोजित दिव्य श्री राम कथा के सप्तम दिवस पर प्रखर राष्ट्र चिंतक मानस मर्मज्ञ पूज्य व्यास डॉ अनिरुद्ध जी भगवान राम से मिलने चित्रकूट जा रहे भाई भारत की व्याकुलता और रास्ते में जा रही ग्रामीण युवतियों की आपस में की जाने वाली चर्चा का बड़ा ही रोचक वर्णन किया । और आगे कहा कि भरत जी के मन में आग्रह है कि ₹₹अपना दास बना लो राम अपने पास बैठा लो राम₹₹और रास्ते में चल रही ग्रामीण युवतियां इस शब्द को सुनकर विभ्रमित हो जाती है और कहती हैं जो कुछ दिन पहले भाई और पत्नी के साथ गए थे वहीं युवक आज अकेले जा रहे हैं और उनमें से एक जानकारी स्त्री कहती है यह तो उन्हीं के छोटे भाई हैं उन्हें मनाने जा रहे हैं और आगे व्यास जी बताते हैं कि भरत जी का आग्रह है कि मिल जाओ राम तरस गई अखियां भरत की चित्रकूट मंदाकिनी गंगा के किनारे निषाद राज के साथ चल रहे हैं और कहते हैं कि कोई व्यक्ति साधु नहीं होता बल्कि उसका स्वभाव साधु होता है साधना के दो स्वरूप है दो तरीके हैं एक अंतमुर्खी दूसरा बहिमुर्खी दूसरी तरफ राम धर्म संकट में पड़ गए हैं की परम प्रिय संपूर्ण अयोध्या वासी अगर वापस चलने के लिए कहेंगे तब मुझे अपना निर्णय बदलना पड़ सकता है और लक्ष्मण जी को लगता है कि भारत युद्ध करने आ रहे हैं तब से लक्ष्मण जी भरत से युद्ध करने के लिए धनुष बाण लेकर तैयार हैं और लक्ष्मण जी राम जी से कहते हैं अयोध्या की सत्ता प्राप्त कर भरत जी को राजमद हो गया हैं तब राम जी कहते हैं विधि हरिहर पद पाई यानी की पद पाकर के भी भरत को अहंकार नहीं हो सकता उधर भरत जी ने देखा प्रभु राम वल्कल वस्त्र में माता सीता जी के साथ विराजमान है और

भरत जी समीप आने पर भरत जी पाहि पाहि कहे राम गोसाई मूरत परेड लकुटि कि नाहीं और भगवान राम ने भारत को उठाकर सीने से लगाया और सारा वातावरण शांत हो गया

मां कल्याणी देवी मंदिर के अध्यक्ष सुशील कुमार पाठक एवं महामंत्री श्याम जी पाठक ने बताया कि आज नवरात्रि के सप्तम दिवस पर माता कालरात्रि के स्वरूप में मां कल्याणी जी का दिव्य श्रृंगार किया गया और आगे बताया कि प्रातः 5:00 बजे से रात्रि 1:00 तक मां कल्याणी देवी मंदिर में शत महायज्ञ मां कल्याणी जी का पूजन अर्चन एवं नित्य नूतन श्रृंगार दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन आ रहे हैं

कथा का संचालन प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर पवन केसरवानी, अशोक खत्री, कुमुद सेठ आनंद जी टंडन पप्पन भैया, राजेश केसरवानी श्याम बाबू केसरवानी, अभिलाष क्रांति ने प्रसाद वितरण किया इस अवसर पर राजेश केसरवानी,डीआरएम वाणिज्य पंडित हिमांशु शुक्ला वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत शास्त्री, शिव कुमार वैश्य सतीश चंद्र केसरवानी,विजय वैश्य,कुंवर जी टंडन,कृष्ण कुमार पाठक, प्रकाश डालमिया,अनिल पाठक, गरीबदास केसरवानी, रजत चड्ढा, रतन अग्रवाल कथा की आरती की

जनता का अटूट विश्वास ही भाजपा की ताकत है : नीरज त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

मेजा। लोकसभा का चुनाव आप सभी लोग कमल का फूल और देश के यशश्वी पीएम मोदी के लिए लड़ रहे हैं। मैं तो एक चेहरा हूं। जनता का अटूट विश्वास ही भाजपा की ताकत है। चुनाव तो आप सभी को लड़ना है। मेजा में ऐसे अतुलनीय स्वागत से में गदगद हूं। हम सभी मोदी जी के परिवार हैं जहां समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास किया जाता है। उक्त उद्गार इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने सोमवार को मेजारोड स्थित डीजीएस गेस्ट हाउस में आयोजित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की परिचय बैठक के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों के हित में चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ती है और जो कहती है उसे पूरा भी करती है। श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति पूरे विश्व में लोहा मनवा रही है। यह सब संभव हो पाया है तो वह भाजपा के प्रति जनता का विश्वास है। इतना ही नहीं लोकसभा प्रत्याशी ने यह भी कहा कि हम सभी मोदी जी के परिवार हैं जिसका नेतृत्व स्वयं प्रधानमंत्री कर रहे हैं। इसी क्रम में लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल उपस्थित लोगों को लोकसभा प्रत्याशी का परिचय कराते हुए उनके पूरे परिवार को भाजपा में विभिन्न पदों पर रहकर कार्य करने की जहां बात कही वहीं भाजपा जिला प्रभारी यमुनापार सुशील त्रिपाठी ने भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को ऊजार्वान कार्यकर्ता बताते हुए अबकी बार 400 सौ के पार के लक्ष्य पर कार्य करने की अपील किया। इसके पूर्व बैठक में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति एवं संचालन मेजा विधानसभा संयोजक विक्रमादित्य मौर्य ने किया।

इस मौके पर विधानसभा प्रभारी मेजा रायचंद दुबे, और पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, जयशंकर पांडे, प्रेमशंकर शुक्ला मुन्नन शुक्ला, इंद्रदेव शुक्ला ,मांडवी शरण द्विवेदी विभव नाथ भारती ,कृष्णदास गुप्ता,राजेश पांडे,अभिषेक तिवारी टिंकू,अशोक सिंह,अरुण कुमार सिंह, सुधाकर पांडे लखन केशरी ,आमिर टंकी जय सिंह पटेल,डॉ भागवत पांडे,हृदयेश मिश्रा, डॉक्टर अमरेश तिवारी, नरेंद्र शुक्ला,राजीव तिवारी,नीरज द्विवेदी, जिले के पदाधिकारी गण मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी एवं कार्यकरताओं के अलावा सैकड़ों अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

रामपुर। प्रयागराज जिले के यमुनापार क्षेत्र के विकासखंड चाका ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरवा खास में रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लाह के साथ मनाई गई। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। भगवती प्रसाद ने बताया कि बाबा साहब एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखते थे बचपन से ही उनको बहुत संघर्ष करना पड़ा। यही वजह थी कि समाज सुधाकर बाबा भीमराव अंबेडकर ने जीवन भर कमजोर लोगों के अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया और महिलाओं को सशक्त बनाया। श्याम बाबू भारतीय ने कहा कि बाबा साहब ने बहुत ही तपस्या करके संविधान लिखने का काम किया और उन्होंने सबको एक सम्मान के साथ रहने का अधिकार दिलाया और उनका कहना यह भी है कि आप पढ़े जरूर जब आपके पास शिक्षा रहेगी तब आपके पास ताकत रहेंगे जब आपके पास शिक्षा नहीं रहेगी तब आप किसी काम के नहीं रहेंगे। इस मौके पर।

बच्चों के चतुमुर्खी विकास में ईशा पब्लिक स्कूल की अहम भूमिका -अशोक चौधरी

फूलपुर। बाबूगंज स्थित ईशा पब्लिक स्कूल में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन द्वारा नर्सरी के छात्रों के साथ ही कक्षा नौ व 11 के उत्तीर्ण छात्रों को अंक पत्र वितरित किया गया। अंक पत्र वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल भाजपा नेता अशोक चौधरी ने विद्यालय के उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए अच्छे परिणाम के लिए विद्यालय प्रबंधन की भी सराहना की। बच्चों से सफलता के मूलमंत्र साझा करते हुए उन्होंने कहा की किसी भी सफलता को पाने के लिए परिश्रम के साथ व धैर्यता व एकाग्रता का होना आवश्यक है। विद्यालय के शत प्रतिशत परिणाम पर विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए उन्होंने कहा की ईशा पब्लिक स्कूल ग्रामीण परिवेश में अंग्रेजी माध्यम का शिक्षण प्रदान करने वाला प्रथम शिक्षण संस्थान है।जो की क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। समारोह में डीके पटेल, इंदु त्रिपाठी, श्वेता पाल, सविता चौरसिया, प्रतिभा पांडे, उषा राय, श्रेया मौर्य, पूजा चौधरी, तनु मिश्रा, उपासना यादव, सोनम पाल, पूनम पटेल, संगीता पटेल,अलका सिंह, मोहम्मद जावेद व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम पाल मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन आरडीपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने किया। विद्यालय के प्रबंधक विजय पाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि विमलेश कुमार गौड़ ,विजय चन्द्र विश्वकर्मा,रामचंद्र गुप्ता,आलम,

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मानव श्रृंखला का फीता काटकर किया शुभारम्भ

मतदाता जागरूकता का संदेश देने के निकाली गयी बाईक व पैदल रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार व अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु लगभग 400 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, बाल विकास एवं अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा कतारबद्ध ढंग से बनाई गई मानव श्रृंखला का फीता काटकर शुभारम्भ किया व स्वयं मानव श्रृंखला में अन्य अधिकारियों के साथ सम्मिलित हुए।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने लोगो को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक मतदान किए जाने हेतु लोगो को प्रेरित करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से निकाली गयी बाईक मतदाता जागरूकता रैली व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं की पैदल मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बाईक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से कटरा होते हुए शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई एवं पैदल मतदाता जागरूकता रैली मनमोहन पार्क, लक्ष्मी चैराहा होते हुए विकास भवन में समाप्त हुई। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता रंगोली भी बनाई गयी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, परियोजना निदेशक ए0के0 मौर्या, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह, प्रभाकर त्रिपाठी, बीएस यादव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्राचीन परम्पराओं को बनाये रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेवारी : गजेन्द्र

अवन्तिका में सतुआ संकान्ति महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी अवंतिका विकास समिति नैनी के तत्वावधान में पारंपरिक सतुआ संकान्ति महोत्सव का आयोजन अवंतिका कालोनी नैनी के डी ब्लॉक स्थित शीतला माई पार्क में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कन्या पूजन, लघु काव्य गोष्ठी एवं सतुआ प्रसाद ग्रहण कर धन्यता प्रकट किया। महोत्सव में सभी सहभागी जनों का हार्दिक स्वागत करते हुए समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहाकि वर्तमान में हमारे लोक मांगलिक तिथि-त्योहार, रीति-रिवाज, संस्कृति व सनातन परम्पराओं का ह्रास होता जा रहा है, वहीं हम अपनी माटी-परिपाटी, खान-पान, सभ्यता, संस्कार, सराकारो व सम्बन्धो से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में अपनी प्राचीन परम्पराओं को बनायें रखना हम सब की सामाजिक जिम्मेवारी है। यह आयोजन भी अपनी भूल सुधार का एक लघु प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र मधुकर ने अपनी कविताओं के माध्यम से काव्यगोष्ठी का आगाज किया। वही समिति के उपाध्यक्ष कवि पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने अनेक रचनाओं के माध्यम से कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त अवसर पर शिव शंकर पांडेय, बीबी दुबे, विनोद शंकर तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, संजीव गुप्ता, कार्यक्रम संयोजिका मीना जायसवाल, बिन्दु राठौड़, चन्द्रावती तिवारी, आरती पाण्डेय, आशा सिंह, राजकुमारी सिंह, गंगा ठाकुर, रविन्द्र गुप्ता, सुनील साहनी, अशोक जायसवाल, आशुतोष मिश्र, विपिन सिंह, के एल जायसवाल, विजय राठौड़ आदि समाजसेवी शामिल रहे।

बाथरूम में नहा रही थी छात्रा, युवक ने रोशनदान से बना लिया वीडियो मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। शहर के कैंट थाना क्षेत्र में किराए के कमरे के बाथरूम में स्नान कर रही एक छात्रा का सिरफिरे ने अपने मोबाइल में वीडियो बना लिया। छात्रा ने उसका मोबाइल ले लिया तो गाली-गलौज करने का प्रयास किया। इससे परेशान छात्रा ने पहले वूमेन पावर हेल्पलाइन पर काल की और फिर कैंट थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने आरोपित मनबोध कुमार के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश तेज कर दी है। बताया गया है कि देवरिया जिले की एक युवती यहां आकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहती है। वह कैंट थाना क्षेत्र में किराये पर कमरा लेकर रहती है। छात्रा का आरोप है कि वह अपने बाथरूम में स्नान कर रही थी। उसके अकेले होने का फायदा उठाकर मनबोध कुमार दरवाजे में लगे रोशनदान से उसका वीडियो बनाने लगा। शक होने पर छात्रा ने आवाज लगाई तो युवक छत पर भाग गया। थोड़ी ही देर में छात्रा बाहर निकलकर खोजते हुए छत पर पहुंची तो मनबोध मोबाइल से वीडियो डिलीट कर रहा था। तब छात्रा ने उसका मोबाइल छीन लिया और फिर पुलिस को कॉल किया। आरोपित बलरामपुर का निवासी है और वह भी किराए पर कमरा लेकर रहता है। इंस्पेक्टर कैंट सुनील कुमार का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश चल रही है।

कार्यकर्ताओं के बीच रो पड़े सपा प्रत्याशी अमरनाथ

कहा-यह चुनाव मेरे लिए जीवन-मरण का है, दो बार मिल चुकी है हार

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। फूलपुर से घोषित सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य टिकट मिलने के बाद आज सोमवार को लखनऊ से प्रयागराज पहुंचे थे। यहां जार्जटाउन के सपा कार्यालय पर उनका स्वागत हुआ। इसके बाद अमरनाथ मौर्य ने कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यकताओं से बातचीत के दौरान वह भावुक हो गए और आंखों से आंसू निकल पड़े।उन्होंने कहा- किन्हीं कारणों से दो बार टिकट मिलने के बाद भी कट गया और दो बार चुनाव में हार मिली। इसके बाद भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मेरे ऊपर भरोसा जताया है और अब यह चुनाव मेरे लिए जीवन-मरण का चुनाव है।आगे उन्होंने कहा- मैं जनता दल, बसपा, भाजपा में रह चुका हूं लेकिन मेरी विचारधारा समाजवादी थी इसलिए मैं वापस आ गया। बोलते-बोलते वह भावुक हो जा रहे थे, उनका हौसला बढ़ाने के लिए वहां मौजूद कार्यकर्ता 'अमरनाथ मौर्या तुम संघर्ष करो'..'हम तुम्हारे साथ हैं' का नारा लगाने लगे।

बोले-हम विषम परिस्थितियों में हम भाजपा में गए थे : अमरनाथ मौर्य ने सपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के बीच अपनी सफाई भी पेश की। उन्होंने कहा, ह्लमैं बसपा में था और वहां से भाजपा में शामिल हुआ, भाजपा में मैं विषम परिस्थितियों में गया था।अमरनाथ मौर्य ने कहा, यह लोकसभा का चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है बल्कि यह चुनाव हमारे नेता अखिलेश यादव का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अब जनता के बीच में जाएं और उन्हें बताएं कि यदि 2024 में ये (भाजपा) आ गए तो हम लोगों को 10 साल की जेल होगी।इस सरकार में जनप्रतिनिधियों को जेल भेजने का काम किया जा रहा है, लेकिन जो लोग भाजपा में रहते हुए भ्रष्टाचार कर रहे हैं उन्हें वाशिंग मशीन में डालकर साफ करने का काम किया जा रहा है।

धन बल और जन बल के बीच है लड़ाई : लखनऊ से प्रयागराज आने के दौरान जगह जगह कार्यकताओं ने प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य का स्वागत किया। हाईकोर्ट के पास स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पार्टी कार्यालय पर डॉ. लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यालय पर उन्होंने कहा कि मेरी लड़ाई लोकतंत्र एवं संविधान बचाने की है। यदि मौका मिला तो क्षेत्र की जनता की आवाज को देश की सबसे बड़ी पंचायत में बुलंद करने का काम करूंगा। मेरी जीत सामाजिक न्याय और फूलपुर की जनता की जीत होगी। एक तरफ धन बल है तो दूसरी तरफ जन बल की लड़ाई है।

यह भी रहे उपस्थित : सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव, अनिल यादव, श्याम लाल पाल, विधायक गीता शास्त्री, पूर्व विधायक अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष सत्यभामा मिश्रा, गंगापार जिलाध्यक्ष प्रतिमा रावत, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

संगम प्लेस में विशाल जागरण एवं भंडारा का आयोजन संपन

प्रयागराज। संगम प्लेस में जागरण एवं भंडारा का आयोजन सोमवार को किया गया जिसमें प्रांगण के सभी दुकानदारों, व्यापारियों, अधिकारीगण, एवम कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम को संचालित किया गया जिसमें भक्ति भजन गायको ने अपने स्वर से लोगों को मोहित किया टीपू केसरवानी और लाला चाय वाले का विषेश सहयोग रहा ।

अग्नि शमन सेवा सप्ताह पर लोगों को किया गया जागरूक

सोरांव। अग्निशमन तथा आपात सेवा केंद्र सोरांव द्वारा रविवार को एक फायर रैली निकाली गई। जिसमें कस्बा सोरांव में लोगों को पंपलेट वितरित कर आग से बचाव के बारे में बताया गया और जागरूक भी किया गया। इतना ही नहीं थाना प्रभारी सोरांव को अग्नि शमन अधिकारी रामाईराम ने पिन फ्लैग भी लगाए। अग्नि शमन विभाग के आदेशानुसार कर्मचारियों और अधिकारियों की तरफ से अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरूआत पर लोगों को जागरूक किया गया। यह जागरूकता अभियान आगामी 20 अप्रैल तक चलेगी। जिसमें प्रतिदिन प्रतिष्ठानों,संस्थाओं विद्यालयों बाजारों में जाकर लोगों को अग्नि से बचाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर अशोक कुमार मिश्र, हरवा प्रसाद आदि लोग रहे।

राजकीय कृषि इकाई सोरांव में मतदाताओं को किया गया जागरूक

सोरांव। सोमवार को राजकीय कृषि इकाई सोरांव में मतदाता जागरूकता अभियान तथा संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम बड़े ही अच्छे ढंग से किया गया। कार्यक्रम में अकारी पुर, दांदूपुर,राजापुर परशुराम, राजापुर पड़रैया, शिवगढ़,प्रसादपुर, उसरही सहित दर्जनों गांव के सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे। तथा सभी किसानों को राजकीय कृषि इकाई के सभागार में गोष्ठी कर-के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करवाया गया। इतना ही नहीं प्रभारी कृषि रक्षा इकाई सोराव छोटे लाल यादव ने अपने भाषण में आए हुए सभी किसानों को आगामी लोकसभा चुनाव में होने वाले मतदान दिवस पर निर्भीक होकर मतदान करने की बात कही। प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार शैलेंद्र कुमार ने कहा कि जितना महत्व प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के मत का होता है उतना ही महत्व एक आम जनता का भी होता है अपने वोट की ताकत को पहचानो और खुलकर मतदान करने की बात कही वही। इसी क्रम में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस मौके पर पूनम वर्मा ने आए हुए सभी किसानों को कीट पतंग व अन्य परजीवी से फैलने वाले रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दिए तथा उससे बचने के उपाय भी बताए। इस मौके पर सागर मौर्य, पृथ्वी पाल, देवशरण, रामशरण, ग्राम प्रधान कृष्ण लाल पटेल, रानी देवी, सभालाल पटेल, लाल बहादुर, प्रधान पुत्र मोनू यादव सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

ज्यादातर तालाबों पर अवैध कब्जा

मांडा। क्षेत्र के ज्यादातर तालाबों और नहरों में पानी नहीं होने से पशु-पक्षी और मवेशी प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटके रहे हैं। मांडा क्षेत्र के ज्यादातर तालाब सूख चुके हैं। मांडा बीडीओ ने रानी तालाब का सुंदरीकरण को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी को आदेश दिया था कि उक्त तालाब में जल्द जल्द कार्य करवाया जायेगा। लेकिन पूरे साल भर बीत जाने पर रानी तालाब सुंदरीकरण को लेकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिससे स्थानीय लोगों ने बीडीओ अमित मिश्रा के कार्य प्रणाली पर नाराजगी जाहिर की।।

उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में ह्लभारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133वाँ जन्म दिवस समारोह आयोजित

प्रयागराज। सोमवार को उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय के अरावली सभाकक्ष में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वाँ जन्म दिवस मनाया गया कइस अवसर पर श्री रविन्द्र गोयल, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज ने सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया कतत्पश्चात श्री जोगिन्दर सिंह लाकरा, अपर महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, श्री अनुराग त्रिपाठी, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी/उत्तर मध्य रेलवे एवं अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/जन जाति के जोनल अध्यक्ष श्री किशन स्वरुप एवं जोनल सचिव श्री दिनेश कुमार सहित उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुपने चार व्यक्त किये तथा उन्होंने बताया कि बाबा साहब के बताये गए आदर्शों एवं निदेर्शों का अनुपालन करना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी कमहाप्रबंधक महोदय ने यह भी कहा कि बाबा साहब के जीवन से हमें इस बात की प्रेरणा मिलती है कि हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा सच्चाई का अनुसरण कर समाज सेवा करते रहें। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशा. सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे।

उतरांव में भगवान यज्ञ नारायण की पूजा से क्षेत्र भक्ति रस में डूबा

उतरांव। प्रयागराज जनपद के उतरांव थाने पर श्री रामेश्वर शिव धाम भीउरा में 21 कुंडली श्री सीताराम महायज्ञ के अवसर पर आयोजित भगवान यज्ञ नारायण की प्रातः कालीन पूजन से पूरा इलाका भक्ति में डूब गयाहै। यहां पर 21 कुंडली महायज्ञ में आसपास के गांवो के लोगों की भीड़ उमड़ रही है इस कार्यक्रम महायज्ञ की आयोजन विजय गिरी ने बताया कि 21 कुंडली मैं दूसरी टाइम संगीत में कथा का कार्यक्रम को सुनने के लिए भीड़ उमड़ रही है लोग संगीतमयी कथा को सुन अपने को आनंदित होने के साथ भाव विभोर हो रहे हैं। 17 अप्रैल को महा पूर्ण आहुति का कार्यक्रम होगा कार्यक्रम का महाप्रसाद एवं भंडारा 18 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा इसी कड़ी में शनिवार को सुबह यज्ञ नारायण भगवान की प्रातः कालीन पूजा की गई ततपश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। यज्ञ आचार्य एवं कथा व्यास पंडित मनोज शास्त्री वैदिक मंत्रो के साथ भगवान यज्ञ नारायण की पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

दस हजार घरों में हसे भर से नहीं आ रहा पानी

मोटर फूंकने से हुई समस्या, नही सुन रहे है जिम्मेदार

झूंसी। हवेलिया के गंगादीप कालोनी में लगी जलनिगम की मोटर फूंकने से दस हजार घरों में हप्ते भर से पानी नही आ रहा है। लोगो को पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। मामले की शिकायत जलनिगम व नगर निगम के अधिकारियों से की गई पर अभी तक किसी ने सुध नही ली जिसकी वजह से लोगो मे आक्रोश है। झूंसी हवेलिया गंगादीप कालोनी में जलनिगम की टंकी है। जिससे हवेलिया, गंगादीप, मायापुरी, न्यायनगर, छतनाग रोड पर रहने वाले घरों में पानी की सप्लाई की जाती है जल निगम की मोटर फूंकने की वजह से हफ्ते भर से इन कॉलोनी में पानी नहीं आ रहा है एडवोकेट विनय सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत जल निगम और नगर निगम के अधिकारियों से की गई पर अभी तक किसी ने नहीं सुनी। अखिलेश यादव ने बताया कि चल रहे नवरात्र व गर्मी में लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है तो वहीं कुछ लोग खरीद कर पानी पी रहे हैं।

सेवा ही मानवता का मूल मंत्रः विधायक डा केपी श्रीवास्तव

अखंड भारत संदेश

नैनी। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) प्रयागराज के फैकेल्टी आफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंस में बी फार्मा पाठ्यक्रम के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के एम0एल0सी0 डॉक्टर के पी श्रीवास्तव थे।

उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभरम्भ किया। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा की सेवा ही मानवता का मूल मंत्र है। डा श्रीवास्तव ने कहा कि ईमानदारी और निस्वार्थ भाव से कार्य करने से सफलता के साथ-साथ शोहरत भी प्राप्त होती है। उन्होंने फार्मासिस्ट एवं नर्सिंग स्टाफ की महत्ता बताते हुए कहा कि सबसे ज्यादा जरूरतमंदों के लिये इनका योगदान सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि निदेशक प्रशासन संजय फिलिप दास ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विदाई समारोह में एसोसिएट डीन डा. अमिता वर्मा, उप कुलसचिव प्रशासन एरोन एलेक्जेंडर, पीआरओ द्वितीय ब्रजेश पांडेय, डिप्टी पीआरओ कौशल सक्सेना, डा पंकज यादव सहित हेल्थ एंड मेडिकल साइंस के फैकेल्टी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

शुआट्स में बीफार्मा के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित

अतीक के अंत का एक साल : मौत का मंजर याद कर आज भी कांप उठता है कलेजा, चश्मदीद ने सुनाई आंखों देखी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अतीक-अशरफ को लेकर पुलिस कॉल्विन अस्पताल के गेट से भीतर घुस रही थी। मीडियाकर्मी उनकी बाइट ले रहे थे। अचानक मीडियाकर्मियों की भीड़ में शामिल तीन युवकों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। वहां भगदड़ मच गई। जिसे जिधर रास्ता मिला, जान बचाने के लिए उधर भागा। गोलियों की तड़तड़ाहट बंद होने पर गेट की तरफ देखा तो अतीक-अशरफ खून से लथपथ जमीन पर पड़े थे।वरिष्ठ मीडियाकर्मी पंकज श्रीवास्तव रविवार को जब ये बातें बता रहे थे तो उनके चेहरे पर खौफ के भाव थे। वह उन चश्मदीदों में शामिल हैं, जो अतीक-अशरफ हत्याकांड के वक्त कॉल्विन अस्पताल में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि उस दिन का खौफनाक मंजर याद आते ही कलेजा कांप उठता है। खुशकिस्मती थी कि घटना में वह व अन्य मीडियाकर्मी साफ बच गए। वह बताते हैं कि हत्यारे पहले से ही अस्पताल में मौजूद थे और मीडियाकर्मी बनकर घूम रहे थे। कवरेज के लिए बाहर से भी कई मीडियाकर्मी पहुंचे थे और यही वजह है कि उन्हें कोई पहचान नहीं सका। पंकज बताते हैं कि बहुत सी आपराधिक घटनाओं का कवरेज किया, लेकिन इस तरह की घटना उन्होंने जिंदगी में पहले कभी नहीं देखी।

फायरिंग बंद होने पर भी आंखों के सामने घूमता रहा मंजर : पंकज बताते हैं कि घटना के बाद कुछ समझ ही नहीं आया। फायरिंग बंद होने के बाद भी काफी देर तक आंखों के सामने वही दृश्य घूमता रहा। काफी देर तक सिर पकड़कर वहीं बैठा रहा। काफी देर बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

नैनी पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

नैनी। नैनी कोतवाली पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय के निदेश के अंतर्गत एसीपी करछना संजय कुमार सिंह, नैनी थाना प्रभारी निरीक्षक यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना नैनी द्वारा वांछित अभियुक्त विनोद पाल (42) पुत्र हींच लाल निवासी उत्तरी लोकपुर अरैल थाना नैनी को थाना नैनी पुलिस द्वारा लोकपुर चौराहे थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि० भूपेंद्र प्रताप सिंह थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज,हे0का0 मनोज कुमार मौजूद रहे।

नैनी पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

नैनी। नैनी कोतवाली पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय के न्दिेश के क्रम में एसीपी करछना संजय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में नैनी थाना प्रभारी निरीक्षक यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व ने पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त राहुल कुमार वंशकार (22) पुत्र छत्रपाल निवासी सब्जी मंडी चकदाउद नगर थाना नैनी को थाना नैनी पुलिस द्वारा लेप्रोसी चौराहा रीवा रोड थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0निङ्क भूपेंद्र प्रताप सिंह, का0 गुलशन कुमार मौजूद रहे।

समाज की तरक्की के लिये बच्चों को अच्छी शिक्षा जरुरीः सदर विधायक

धूमधाम से मना रिवरडेल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नया माल गोदाम रोड स्थित रिवरडेल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव नगर के प्लाजा पैलेस में धूमधाम से मनाया गया। नन्हे-मुन्नों बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने आए हुए अतिथियों व अभिभावकों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि के रुप में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे।

उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने माता पिता का नाम रोशन करें। शिक्षा का एक इन्सान के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा वह वस्तु है जो हमें एक सभ्य इंसान बनाती है और समाज के उन्नति में अपना योगदान देती है। स्कूल के मैनेजर मो0 इमरान खान ने कहा कि शिक्षा एक व्यक्ति के साथ-साथ पूरे समाज के तरक्की के लिए काफी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी माँ-बाप अपने बच्चों को जरुर शिक्षा दें। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक शंभूनाथ को सम्मानित किया गया। इस दौरान केजी क्लास के छात्र-छात्राओं ने हवा-हवाई और धड़क-धड़क नृत्य प्रस्तुत किया तो अभिभावकों की तालियों से पूरा परिसर गूंज उठा। इसके अलावा बटरफ्लाई डांस, मोगली डांस, पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे खराब, पंजाबी डांस, टुकुर-टुकुर, सजदा सांग पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति देकर आए हुए अतिथियों का दिल जीत लिया। इसके अलावा हर क्लास के टॉप थ्री रैंकर्स को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में स्कूल के मैनेजर मो0 इमरान खान व सह प्रबंधिका सादिया खान ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर साकेत गर्ल्स कालेज के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एमबीएस स्कूल के मैनेजर धर्मवीर सिंह, स्कूल की प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, पूनम सिंह, सानिया, सांभवी, शालू, रुचि, हुवैदा, तूबा, सारा, सबा, फरहाना, फातिमा, महिमा, सतीश पाण्डेय, प्रवेश उपाध्याय, श्रीराम मिश्रा, अनवर हुसैन समेत कई मौजूद रहे।

भाजपा के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाए

अखंड भारत संदेश

विकास खण्ड लालगंज में समस्याएं सुनते सांसद संगम लाल गुप्ता।

लालगंज, प्रतापगढ़। सांसद संगम लाल गुप्ता ने विकास खंड लालगंज के भाजपा सेक्टर व बूथ पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सांसद ने उनसे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी। क्षेत्र के भदारी, भौराम बोझी, अमावा, कलापुर बेलहा, कौशिल्यापुर, अगई, अर्जुनपुर, शीतलमऊ, अझारा, अर्जुनपुर समेत डेढ़ दर्जन सेक्टरों पर पदाधिकारियों से मिल कर बात चीत की और उनकी समस्याएं सुनी।

उन्होंने मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की। सांसद ने अपने द्वारा कराए गए कार्यों को भी गिनाया,बताया की उनके द्वारा 6500 करोड़ रुपए जिले के विकाश कार्य के लिए स्वीकृत कराए है जिसपर कार्य प्रारंभ भी हो गया है। एटीएल में भी कार्य प्रारंभ हो होगा जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर उनके साथ कुलवंत सिंह, नागेश सिंह छोटे सरकार, राजकुमार बरनवाल, राजेश मिश्रा, नितेश दिवेदी, अजय वर्मा, रिंकू शुक्ला, गट्टे मिश्र समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

बदमाशों ने पिस्टल के बल पर जनसेवा केंद्र में की छिनैती

अपाची सवार तीन बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र मे गिरती कानून ब्यवस्था का फायदा उठाते हुए अपाची सवार बदमाशों ने जनसेवा केंद्र मे लूटपाट कर चलता बने मानिकपुर थाना क्षेत्र के मुंदीपुर के धन्वंतरी चिकित्सालय के सामने अंकित ने सहज जन सेवा केंद्र बैंक की खोल रखी है रविवार को शाम लगभग 5 बजे तीन नकाबपोश बदमाश नीली रंग की अपाची गाड़ी से आये जिसमें एक बदमाश गाड़ी पर सवार था और दोनों बदमाश दुकान के अंदर घुसकर संचालक को पिस्टल सटाकर रुपया व मोबाइल लूटकर फरार हो गये।बदमाशों के जाने के बाद फ्रैंचाइजी संचालक अंकित ने शोर मचाना शुरु कर दिया आस पास के लोग दौड़ पड़े।

दुकान संचालक के मुताबिक बदमाश लगभग 45 हजार रुपए व एक मोबाइल लेकर फरार हो गये जिसमें एक बदमाश को दुकानदार अंकित ने बड़े साहस के साथ संघर्ष करते हुए एक बदमाश को दबोच लिया अंकित व बदमाश के बीच हो रहे संघर्ष को देखते हुए दूसरे साथी बदमाश ने अपनी पिस्तौल से फायर कर दहशत पैदा किया जिस पर स्थानीय लोगों की मदद से बदमाश को दबोच लिया। बदमाश नवाबगंज प्रयागराज का बताया जा रहा है। अपने साथी को फंसते देख दोनो बदमाश अपाची से फरार हो गये घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी कुंडाअजीत सिंह व मानिकपुर थाना प्रभारी जयचंद भारती अपने स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाश को अपने हिरासत में लेकर लिखा पढ़ी करके जाँच पड़ताल मे जुटी हुई है। नगर पंचायत मानिकपुर में आए दिन चोरी के साथ लूटपाट जैसी घटनाएं आम हो गई हैं, जिस पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है। घटनाओं को बढ़ते देख ग्रामीणो मे दहशत पैदा है।

ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी एक बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

पट्टी, प्रतापगढ़। ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी गेहूं की फसल पर गिरने से आग लग गई। देखते ही देखते एक बीघा गेहूं की फसल आग ने अपने आगोश में ले लिया। और जलकर राख में तब्दील हो गई। ग्रामीणों के आर्थिक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। वहीं सूचना के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। कोतवाली क्षेत्र के रामकोला रीठी गांव के रहने वाले धनंजय सिंह के गेहूं के खेत में सोमवार की दोपहर अचानक ट्रांसफार्मर की चिंगारी से आग लग गई। आग लगने की सूचना पर मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। वही पीड़ित ने आरोप लगाया है कि इसकी सूचना फायर कर्मियों को दी गई। सूचना के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड कर्मी पहुंचे तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा लिए थे। लेकिन तब तक एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख में तब्दील हो गयी थी। फायर कर्मियों के लेट पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगीः शंकर गिरी

प्रदेश मंत्री ने पत्रकारवार्ता कर गिनाई सरकार की उपलब्धियां

अखंड भारत संदेश

पत्रकारवार्ता में बोलते प्रदेश मंत्री शंकर गिरी।

प्रतापगढ़। नगर के एक होटल में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह वार्ता भारतीय जनता पार्टी के आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मेनिफेस्टो, भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी के संदर्भ में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री शंकर गिरी वार्ता करते हुए कहा कि मोदी सरकार जो भी पिछले 2019 लोकसभा चुनाव में अपने संकल्प पत्र में जो घोषणा किया था, उसे आज 05 वर्षों में पूरा किया और आज 2024 में जो संकल्प पत्र की घोषणा कर रहे उसे भी अगले 05 वर्षों में पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने अबकी बार 400 पार के मिशन को पूरा करने के लिए मोदी सरकार की पिछले 10 वर्ष की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा जताया है और इसके विस्तार का वादा किया। जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग के विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए भाजपा ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी और इसमें नई तकनीक का उपयोग किया जायेगा। देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या और उनकी परेशानियों को देखते हुए भाजपा ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को आयुष्मान भारत में शामिल करते हुए उन्हें सालाना 05 लाख रुपये तक का मुफ्त और कैशलेस इलाज देने का वादा किया है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में मुद्रा और स्वनिधि योजनाओं की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसका विस्तार करने का वादा किया। मुद्रा योजना में अब 10 लाख की जगह बिना गारंटी 20 लाख रुपये तक कर्ज दिया जाएगा। इसी प्रकार से रेहड़ी पटरी ठेला वालों को 50 हजार रुपये तक कर्ज देने वाली स्वनिधी योजना का विस्तार छोटे शहरों और ग्रामीण तक किया जायेगा और ऋण की सीमा भी बढ़ाई जाएगी। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से आशीष श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष एवं राघवेन्द्र शुक्ला जिला प्रवक्ता राजेश सिंह महामंत्री उपस्थित रहे।

जीआईसी व सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज में निर्वाचन कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरु

प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सवुःशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (कार्मिक/प्रशिक्षण) नवनीत सेहारा के नेतृत्व में पीठासीन अधिकारियों और प्रथम मतदान अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।

इस दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने दोनों प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें और जो कुछ शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर ट्रेनर से कर लें। ईवीएम मशीन को जोड़ना सीख लें और मशीन संबंधित सभी प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें तथा सभी मास्टर ट्रेनर्स गंभीरता पूर्वक एवं अच्छे से प्रशिक्षण दें ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया को अच्छे से समझ कर जनपद में मतदान सकुशल संपन्न कराया जा सके। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल फोन के प्रयोग को पूर्णतया प्रतिबंधित किया और कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, पूरी गम्भीरता से इस प्रशिक्षण को प्राप्त करें, जो भी जिज्ञासायें है उसका समाधान यहीं पर कर लें।

निर्वाचन कार्मिकों को प्रशिक्षण देते अधिकारी।

उन्होंने प्रशिक्षु कार्मिकों से प्रश्न भी किया और सही उत्तर मिलने पर संतुष्ट हुए।उन्होंने यह भी बताया कि इस बार चुनाव में एमपीएस ऐप का प्रयोग करना है जिसका मतलब है मतदाता प्रतिशत संकलन ऐप। प्रशिक्षण में सुपर मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर ट्रेनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उप शिक्षा निदेशक व जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डा0 विन्ध्याचल सिंह, आईटीआई वुःण्डा प्रधानाचार्य रूपेश शुक्ला,प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ कुलश्रेष्ठ तिवारी सहित नीरज मिश्रा और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे। आज दोनों प्रशिक्षण केदो पर दोनों परियों में 3200 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

एमडीपीजी कालेज में शुरु हुई सेमेस्टर, वार्षिक व बैकपेपर परीक्षा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर, वार्षिक एवं बैक पेपर परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। एमडीपीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन मे सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को परिसर में प्रवेश करने दिया गया। महाविद्यालय का आंतरिक सचल दल लगातार परीक्षा की निगरानी करता रहा। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि एमडीपीजी में दोनों पालियों में कुल 739 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 723 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 16 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 383 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और नौ अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में 340 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और सात परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में बीए द्वितीय सेमेस्टर प्राचीन इतिहास एवं द्वितीय पाली में बीए चतुर्थ सेमेस्टर प्राचीन इतिहास की परीक्षा संपन्न हुई।

छात्रों ने कलम थामकर राष्ट्र निर्माण की शपथ ली

बीबीएफजी के भंडारे में उमड़ी भीड़, लगे जय भीम के जयकारे

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। पेन बैंक की तरफ से दो सौ से अधिक छात्रों को निशुल्क पेन बांटा गया। उन्हें राष्ट्र निर्माण की शपथ दिलाई गई।

भंडारे में सैकड़ों की भीड़ उमड़ी रही। आर्ट प्रतियोगिता में सिमरन प्रजापति प्रथम, साहिल सेकेंड और मुस्कान तीसरे स्थान पर आई। भाषण प्रतियोगिता में नैतिक प्रजापति को प्रथम स्थान मिला। लाजू, प्रिया, सिमरन, खुशी, ओबी का नृत्य सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन टीचर दामिनी ने किया। प्रिंसिपल शनि ने डाक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। टीचर दीपू ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की समारोह में रागिनी, हिमांशु, अजय, साहिबा, अंशू, शुभम समेत कई छात्रों का सराहनीय योगदान रहा।

अपर जिला जज ने जिला कारागार में बंदियों को दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार जिला कारागार में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैमपेन की सफलता हेतु एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं, जेल विजिटिंग लायर्स एवं जिला कारागार में निरुद्ध चयनित पी एल वी को बंदियों की रिहाई से सम्बन्धित दायित्वों के निर्वहन के संबन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। सचिव नीरज कुमार बरनवाल ने बताया कि उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा समय समय पर जारी निर्णयों के महत्वपूर्ण अंशों तथा एस ओ पी को संकलित कर जनपद न्यायालय की बेवसाइट पर अपलोड किया जाना है। इस सम्बन्ध में यू टी आर सी के संबन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अभियान में किस श्रेणी के बंदियों को लाभ दिलाया जा सकता है उसके लिए विस्तार से बताया गया।

बंदियों को दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में बताया गया। इस अवसर पर तीन चक्रों में टेक्निकल सेशन का आयोजन करके प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर रिशोर्स पर्सन के रूप में अपर जिला जज एफ टी सी सुमित पंवार ने यू टी आर सी के अन्तर्गत आने वाले बंदियों के संबन्ध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे अभियान चलाकर पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता दिलाई जाएगी। इस अवसर पर जेलर अजय कुमार सिंह, उप जेलर आफताब अंसारी एवं शारदा देवी, विश्वनाथ त्रिपाठी एडवोकेट जेल विजिटर, महावीर प्रसाद यादव चीफ लीगल डिफेन्स कौंसिल, अभय सिंह डिप्टी चीफ, तजीन फातिमा ज्योति शुक्ला, असिस्टेंट लीगल डिफेन्स कौंसिल, डा0 प्रवीन रंजन सहित जेल के पी एल वी उपस्थित रहे।

लूट के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, मोटरसाइकिल व मोबाइल बरामद, तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले के थाना रानीगंज के उ0नि0 रोहित कुमार मय हमराह उ0नि0 अमित कुमार सिंह, हे0का0 अमरनाथ यादव, का0 मनोज कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0 116/24 धारा 392/120बी भादवि से संबंधित अभियुक्त विनीत कुमार पुत्र धर्मप्रकाश निवासी ग्राम बडौरा थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत नरसिंहगढ़ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से मु0अ0सं0 116/24 धारा 392/120बी भादवि से संबंधित घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल, लूट का एक मोबाइल फोन, नौ हजार रूपये नकद तथा एक अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

अवैध तमंचा/कारतूस उपरोक्त की बरामदगी के आधार पर थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 125/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम विनीत कुमार उपरोक्त के अभियोग पंजीकृत किया गया तथा मु0अ0सं0 116/24 में धारा 120बी /392 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। उधर थाना रानीगंज के उ0नि0 राजनारायण यादव मय हमराह उ0नि0 गिरजाशंकर प्रसाद सिंह, का0 नारायण जी, का0 राजकिशोर चैहान द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र रानीगंज के चिरकुट्टी चैराहा के पास से अभियुक्त मेहताब उर्फ औरंगजेब पुत्र अकबालुद्दीन उर्फ इकबालुद्दीन निवासी निवासी गुतौली, थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

40 लीटर अवैध अपमिश्रित देसी शराब बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना लीलापुर से उ0नि0 राजानाती मय हमराह उ0नि0 किशन सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र लीलापुर के ग्राम रतिगरपुर लक्ष्मणपुर से एक अभियुक्त दिलीप सरोज पुत्र रामसुन्दर निवासी ग्राम रतिगरपुर मजरा लक्ष्मणपुर थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को कुल 40 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

सम्राट अशोक की शोभा यात्रा आज

प्रतापगढ़। मौर्य सभा और सद्भवान समिति नगर पंचायत अंतू के संयुक्त तत्वावधान में सम्राट अशोक महान की जयंती पर 16 अप्रैल को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए यात्रा के संयोजक डॉ शिव मूर्ति लाल मौर्य ने बताया है कि यात्रा पुरानी बाजार अंतू से रेलवे स्टेशन तक जाएगी। उन्होंने बताया कि मैत्री भवन सतीगंज नगर पंचायत अंतू में भारत के 2500 वर्षों में सामाजिक इतिहास पर एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

रुपए गहनों के साथ रेल लाइन पर मिली महिला की कटी लाश

पहनावा से लग रही है राजस्थानी महिला

अखंड भारतसंदेश

कोखराज कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र में देर रात ट्रेन से गिरकर एक राजस्थानी बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई सुबह ग्रामीणों और रेलवे के कर्मचारियों ने देखा तो रेलवे पुलिस और भरवारी चौकी पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की तो मृतका के पास पोटली में गहने और नगद रुपए मिले,जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।मृतक महिला के पास लाखों रुपए के गहने वा नगदी लगभग 50 हजार रुपए बताए जा रहे है वही महिला के लाश के पास गहने विखरे हुए है जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के राम चौरा के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर देर रात किसी ट्रेन से एक बुजुर्ग महिला गिर गई जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई,मृतका के पास गहने और रुपए मिले है,सुबह काम के लिए पहुंचे रेलवे कर्मचारियों और ग्रामीणों ने इसकी सूचना रेलवे और पुलिस को दी।रेलवे और ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे भरवारी चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह और पुलिस फोर्स ने शव की सूचना उच्च अधिकारियों को दी,जिसके बाद फोरेंसिक जांच टीम मौके पर पहुंची और जांच की,मृतक महिला ने गले में हंसुली और पैर में छागल पहन रखा था, पास में गहने बिखरे हैं और महिला के पास पोटली है जिसमें गहने और नगद रुपए भी हैं पहनावा और गहना देखकर महिला राजस्थानी लग रही है,मृतका के पास शिनाख्त के लिए कुछ भी नही मिला,जिसके बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

गंगा घाट पर उतराता हुआ मिला युवक का सड़ा गला शव

कौशाम्बी। कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के कड़ा गंगा घाट पर एक युवक का सड़ा गला हुआ शव अचानक से उतराता हुआ देखकर घाट पर हड़कंप मच गया,घाट पर मौजूद लोगों ने पुलिस को शव मिलने की सूचना दी,सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची कड़ा धाम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा कुबरी गंगा घाट पर सोमवार को एक युवक का सड़ा गला हुआ शव उतराता हुआ आ गया,घाट पर मौजूद लोगों ने बताया कि प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर की ओर से बहकर शव आया हुआ हो सकता है,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

दलित पर हमले को बीते 8 दिन नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

कौशांबी चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुरा रसूलपुर गांव में 7 अप्रैल की रात्रि में दलित विनोद कुमार पुत्र केशव प्रसाद के ऊपर दबंग बुधई सिंह पटेल उर्फ फूलचंद आदि लोगों द्वारा लाठी डंडे से बेरहमी से पीटा गया था जिससे विनोद कुमार को गंभीर चोटे आई थी मामले की सूचना चौकी पुलिस को दी गई लेकिन उसके बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है 15 अप्रैल को फिर विनोद पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और शिकायती प्रार्थना पत्र देकर दबंग पर मुकदमा दर्ज कराए जाने उनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है आरोप है की चौकी पुलिस हमलावरो को बचाने का प्रयास कर रही है।

आखिर कौशांबी लोकसभा सीट से कब हटेगा आरक्षण पिछडो मुस्लिमो सामान्य वर्ग को कब मिलेगा प्रतिनिधित्व का मौका

सुशील केसरवानी

कौशांबी सांसद विनोद सोनकर सहित पूर्व के सांसदों द्वारा आरक्षण मुक्त करने के लिए लोकसभा में प्रश्न नहीं उठाए गए हैं

बीते 72 वर्षों से कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में सामान्य वर्ग पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम वर्ग को प्रतिनिधित्व करने का नहीं मिल सका है मौका

कौशाम्बी। देश की आजादी के बाद पहले लोकसभा का चुनाव होते ही इलाहाबाद शहर के तत्कालीन चायल लोकसभा क्षेत्र को आरक्षित कर दिया गया था जो 1952 के बाद लगातार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है इस सीट पर आरक्षण चक्र काम नहीं कर सका 72 वर्षों से आरक्षण चक्र चुंबक की तरह चिपक गया है बसपा की सरकार में इलाहाबाद जिले से बटवारा करने के बाद कौशांबी जिले का गठन 1997 में हुआ और उसके बाद इसी चायल लोकसभा क्षेत्र को कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के नाम से परिवर्तित कर दिया गया लेकिन जिले का गठन होने के बाद कौशांबी लोकसभा सीट से भी अनुसूचित जाति के आरक्षण का चक्र नहीं हट सका 1952 से लगातार कौशांबी लोकसभा क्षेत्र कभी चायल के नाम पर तो कभी कौशाम्बी के नाम पर आरक्षित है जिससे बीते 72 वर्षों से कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में सामान्य वर्ग पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम वर्ग को प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिल सका है आखिर बीते 72 वर्षों से सामान्य वर्ग मुस्लिम वर्ग और पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ केंद्र की सरकार इतना अन्याय क्यों कर रही है कानून नियम और संविधान की बात करें तो लोकसभा चुनाव में आरक्षण का चक्र होना चाहिए और प्रत्येक लोकसभा चुनाव में यह आरक्षण अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में परिवर्तित होना चाहिए लेकिन यह कानून और नियम कौशांबी लोकसभा सीट पर 72 वर्ष बाद भी नहीं लागू हो सका है जिससे इस क्षेत्र के सामान्य वर्ग पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम वर्ग को प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला है बीते 72 वर्षों से लगातार अनुसूचित जाति के लिए चायल और नाम बदलकर कौशांबी लोकसभा सीट आरक्षित किए जाने के बाद इस क्षेत्र का विकास भी बाधित रहा है आजादी के 77 वर्ष बाद उद्योग धंधे नहीं स्थापित हो सके हैं रोजगार के लिए लोगों को लुधियाना सूरत पंजाब दिल्ली मुंबई के साथ-साथ सऊदी अरब ईरान इराक कुवैत जाना पड़ रहा है आखिर सवाल उठता है कि इस क्षेत्र के लोगों ने क्या गुनाह किया है कि उन्हें अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में जकड़ दिया गया है क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद ने भी कभी सामान्य वर्ग पिछड़ा वर्ग मुस्लिम वर्ग के प्रतिनिधित्व के लिए लोकसभा सीट को आरक्षण मुक्त करने का प्रयास नहीं किया है क्योंकि उन्हें खुद सत्ता की लालशा है और वह नहीं चाहते कि कौशांबी लोकसभा क्षेत्र से सामान्य वर्ग पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम वर्ग के नेता प्रतिनिधित्व कर सके जिससे कौशांबी लोकसभा सीट से 10 वर्ष से सांसद विनोद सोनकर ने एक बार भी लोकसभा में सत्र के दौरान इस बात पर सवाल जवाब नहीं किया कि आखिर कौशांबी लोकसभा सीट को कब आरक्षण मुक्त किया जाएगा कौशांबी सांसद विनोद सोनकर सहित पूर्व के सांसदों द्वारा आरक्षण मुक्त करने के लिए लोकसभा में प्रश्न नहीं उठाए गए हैं बल्कि कौशांबी सांसद विनोद सोनकर द्वारा सामान्य वर्ग के ब्राह्मण क्षत्रिय और बनिया बिरादरी के जातियों पर धर्म परिवर्तन की बात कहकर कुठाराघाट किया गया है हालांकि कुछ लोगों ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल कर आरक्षण मुक्त कौशांबी को करने की बात कही है।

न्यूज झरोखा

सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो

नमो नमो क्रांति फाउंडेशन युवा जिला अध्यक्ष कौशाम्बी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकला गया

सैय्यद सरावा कौशाम्बी नमो नमो क्रांति फाउंडेशन की ओर से रविवार को मतदान जागरूकता अभियान कौशांबी में चलाया गया युवा जिला अध्यक्ष ने नारा दिया कि सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो मतदान आपका हक है और ज़िम्मेदारी भी इस अभियान में शुभम पांडे युवा जिलाध्यक्ष अजय पांडेय जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी युवा जिला उपाध्यक्ष अमन ओझा युवा जिला उपाध्यक्ष इंद्रवीर यादव युवा जिला उपाध्यक्ष आदर्श शुक्ला युवा जिला सह मंत्री रवि पांडेय पिंटू तिवारी अरुण पासवान एवं समस्त ग्राम वासी मौजूद रहे

कांग्रेस नेता की मां के निधन पर पार्टी जनों ने व्यक्त किया शोक

कौशाम्बी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रवि प्रकाश राघवेंद्र की माता के निधन पर 2 मिनट का मौन रख कर मृतक आत्मा के शांति की कामना प्रभु से की गई कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा ने कार्यालय पर सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया उन्होंने कहा कि उनके परिवार को दुख सहनशक्ति सहने की भगवान ताकत दे उन्होंने कहा कि उनकी भरपाई नहीं हो सकती फिर भी इस दुख की बेला पर संपूर्ण कांगेस परिवार उनके साथ है इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू महासचिव बरसाती लाल पांडा पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष राजकुमार यादव सीताराम गुप्ता मुकेश शुक्ला गोरेलाल यादव डॉ राजेंद्र मिश्रा मुकेस चतुर्वेदी शशि प्रताप त्रिपाठी कौशलेश द्विवेदी सहित तमाम कांग्रेसी नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया है

सड़क हादसे में अस्पताल कर्मी गंभीर घायल

कौशांबी जनपद मुख्यालय मंझनपुर के जिला अस्पताल के सामने हनुमत अस्पताल में काम करने वाले चंदन उम्र 27 वर्ष पुत्र दिलीप कुमार जहांगीर नगर कॉलोनी मंझनपुर से सोमवार की दोपहर को बाइक से हनुमत अस्पताल अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे लेकिन जैसे ही वह जिला अस्पताल के आसपास पहुंचे तेज गति एक नेता की लग्जरी गाड़ी ने अस्पताल कर्मी को टक्कर मार दिया है जिससे बाइक समेत चंदन सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से लहू लुहान हो गए हैं हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है अस्पताल कर्मियों को भी मामले की जानकारी मिली तो वह भी मौके पर पहुंच गए हैं एंबुलेंस 108 के जरिए घायल चंदन को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई जाती है बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद नेता का यह लग्जरी वाहन बेखौफ तरीके से जनपद मुख्यालय मंझनपुर से फरार हो जाने में कामयाब हो गया है सुरक्षा व्यवस्था में तमाम पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाए जाने के बाद दुर्घटना करने वाले वाहन को यातायात पुलिस थाना पुलिस के जवानों ने पकड़ने का प्रयास नहीं किया है

भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन

भरवारी कौशाम्बी। संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती कौशांबी के भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी में धूमधाम से मनाई गई।प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए कार्यो का वर्णन किया। साथ ही बच्चों को भारतीय संविधान में उनके द्वारा अदा की गई भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। अनेक छात्रों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन के बारे में बताते हुए भारतीय राजनीति में उनकी सक्रिय भागीदारी व संविधान निर्माण करने आदि की जानकारी भी दी।प्रधानाचार्य ने समस्त छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सर्व-समावेशी संविधान के निमार्ता, महान समाज सुधारक एवं विधिवेत्ता, 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे देश में हर वर्ष बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू छावनी में हुआ था, इनके बचपन का नाम भिवा था। इनके पिताजी का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता का नाम भीमाबाई मुरबादकर था। वो अपने माता-पिता के आखिरी और 14वीं संतान थे।

राजनैतिक दलों से घोषित प्रत्याशी अनुमति प्राप्त करके ही करें कार्यक्रम का आयोजन जनसम्पर्क

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यालय कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि आदर्श आचार सहिंता का अनुपालन किया जाय। राजनैतिक दल और राजनैतिक दलों से घोषित प्रत्याशी द्वारा कोई भी कार्यक्रम का आयोजन जनसम्पर्क किया जाता है तो उसकी पूवार्नुमति अवश्य प्राप्त कर लिया जाय, बिना पूवार्नुमति के किसी भी कार्यक्रम का आयोजन एवं जनसम्पर्क न किया जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल करने के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में नामांकन प्रपत्र दाखिल करने से एक दिन पूर्व का खाता खोला जाना अनिवार्य होंगा। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि रू0-10000 से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है। उम्मीदवार द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार के लिए छपाई गई प्रचार सामग्री की प्रति रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी,जिस प्रिन्टिंग प्रेस से सामग्री तैयार करायी जा रही है, उसके प्रोपराइटर का नाम,पूर्ण पता,मोबाइल नम्बर, ई-मेल, जी0एस0टी0 नम्बर आदि उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए आदर्श आचार संहिता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगायी गयी है, जिसका अनुपालन प्रत्येक प्रत्याशी को करना आवश्यक है। प्रत्याशी द्वारा किसी भी प्रकार का जुलूस/सभा, बिना अनुमति किया जाना प्रतिबन्धित है।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

युवक की हत्या में पिता पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

कोर्ट ने सुनाई दोषी पर 60 हजार का लगाया अर्थदंड

कौशाम्बी सैनी कोतवाली अन्तर्गत ग्राम नया पुरवा में अभियुक्तों द्वारा साजिश कर युवक की हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 403/23 धारा 302/201/34 भादवि पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित 02 अभियुक्तो छेदी लाल पुत्र दयाराम वा मिथुन पुत्र छेदी लाल नि०गण गरीब का पुरवा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को न्यायालय एएसजे प्रथम द्वारा हत्या के दोषी पिता पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई तथा 60,000-60,000 रू० के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

04 देशी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी जिले में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम एसआई योगेश कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त नूर मोहम्मद उर्फ छोटका पुत्र जुम्मन नि० कड़ा नख्खास थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को कड़क शाह मार्ग पर बने मजार के पास से 04 अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 68/24 धारा 4/5(5) विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया जहा से उसे जेल भेज दिया ।

गंगा घाट पर उतराता हुआ मिला बृद्ध का सड़ा गला शव

भिटौरा के शिव मंदिर के पुजारी का था शव परिजनों ने की शिनाख्त

कौशाम्बी कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के कड़ा गंगा घाट पर सोमवार को एक बृद्ध का सड़ा गला हुआ शव अचानक से उतराता हुआ देखकर घाट पर हड़कंप मच गया,घाट पर मौजूद लोगों ने पुलिस को शव मिलने की सूचना दी

जेल में आयोजित हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर जेल अधीक्षक सहित दो दर्जन ने किया रक्तदान

कौशाम्बी।जिला जेल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने किया। इस रक्तदान शिविर में जेल अधीक्षक सहित दो दर्जन ने रक्तदान किया। जिला जेल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला में आयोजित रक्तदान शिविर में जेल अधीक्षक अजितेश कुमार सहित दो दर्जन लोगो ने रक्तदान किया।रक्तदान के पश्चात सभी को प्राण पत्र भी दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवेश चंद्र गुप्ता ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया है। वहीं अन्य रक्तदाताओं को जिला जेल अधीक्षक अजितेश कुमार ने प्रमाण पत्र प्रदान किया है। इस मौके पर जेलर भूपेश कुमार सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे हैं।

निजी भूमि पर इंटरलॉकिंग लगाकर व्यक्ति विशेष को दिया जा रहा सरकारी लाभ

कौशांबी। विकासखंड मंझनपुर के अम्बवा पश्चिम ग्राम सभा में व्यक्ति विशेष की व्यक्तिगत जमीन पर ग्राम पंचायत निधि से इंटरलॉकिंग खड़ंजा लगाकर लाखों रुपए सरकारी धन खर्च कर दिया गया है व्यक्तिगत लाभ दे करके सरकारी धन का नुकसान ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने किया है जिसकी शिकायत आईजीआरएस से लेकर जिला अधिकारी कार्यालय में एडवोकेट दीप नारायण तिवारी ने की है मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र में सरकार के धन से व्यक्ति विशेष को व्यक्तिगत लाभ दिया गया है जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है लेकिन उसके बाद भी खंड विकास अधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया है सरकारी रकम से व्यक्तिगत लाभ दिए जाने के प्रकरण की यदि शासन स्तर से जांच कराई गई तो दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार उजागर होगा और दोनों से सरकारी रकम की रिकवरी होना तय है।

कौशांबी में प्रति हेक्टेयर गेहूँ की पैदावार 38 कुन्तल

जिलाधिकारी ने ग्राम ओसा में करायी क्रॉप कटिंग

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने ग्राम-ओसा के कृषक वीरेन्द्र कुमार तिवारी एवं देवेन्द्र कुमार तिवारी के खेत में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसल गेहूं की क्रॉप कटिंग सीसीई एग्री ऐप से करायी। उन्होंने कृषक वीरेन्द्र कुमार तिवारी एवं देवेन्द्र कुमार तिवारी को माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया एवं अपने सामने तौल भी करायी। उन्होंने उपस्थित किसानो को फसल बीमा योजना एवं क्रॉप कटिंग की महत्ता के बारे में जागरूक भी किया।क्रॉप कटिंग के मानक के अनुसार 43.30 वर्गमीटर क्षेत्रफल की क्रॉप कटिंग कराई गयी, तौल कराने पर गेहूँ की उपज 16.425 किग्रा पाई गयी, जिसके अनुसार प्रति हेक्टेयर पैदावार 38 कुन्तल पाया गया। इस अवसर पर एसडीएम मंझनपुर आकाश सिंह, तहसीलदार भूपाल सिंह, नायब तहसीलदार मोबिन अहमद, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी भूलेख मनोज कुमार मिश्र, एल.आर.सी भूलेख वासुदेव त्रिपाठी, जिला प्रबन्धक फसल बीमा सन्तोष राय, राजस्व निरीक्षक कृष्णदेव त्रिपाठी, राजस्व लेखपाल सौरभ कान्त उपाध्याय तथा गाँव के किसान उपस्थित रहें।

बेहतर प्रदर्शन वाले खेतों का ही होता है चयन

कौशांबी। किसानों के खेत के गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग कर उपज का आंकड़ा निकालकर राजस्व और कृषि विभाग द्वारा सरकार को भेजा जा रहा है लेकिन क्रॉप कटिंग के समय गांव में जिस किसान की सबसे अच्छी फसल तैयार है उसके खेत का चयन किया जाता है जिन किसानों के खेत की फसल कमजोर है उनके खेत की फसल की क्रॉप कटिंग कराकर उपज का सही आकलन नहीं लगाया जाता है गांव क्षेत्र में अच्छी उपज और खराब उपज वाले तमाम खेतों से थोड़ा-थोड़ा क्रॉप कटिंग कराकर तब उत्पादन का सामूहिक आंकड़ा निकाला जाए तो क्रॉप कटिंग का सही आंकड़ा प्रशासन के सामने होगा लेकिन राजस्व निरीक्षक और कृषि विभाग के अधिकारी वास्तविकता से क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादन का सही आंकड़ा नहीं निकाल रहे हैं।

संपादक की कलम से

राजपूतों पर सियासत के बिगड़े बोल

राजनीति दल चुनाव में टिकट बंटवारा हो या सियासी समीकरण साधना हो हमेशा ही जातियों को तब्बजो देते हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से जिस तरह से राजपूतों को निशाना बनाकर लगातार सियासतदान विवादित टिप्पणियां कर रहे हैं, वह समाज के लिए सहन करना मुश्किल होता दिख रहा है।

पहले संसद में राजद सांसद मनोज झा ने 'ठाकुर का कुआं' कविता पढ़ी तो विवाद हो गया। कई राजपूत संगठनों ने इसे राजपूतों का अपमान बताकर मनोज झा को जमकर खरी-खोटी सुनाई। राजपूतों से जुड़ा यह विवाद थमा भी नहीं था कि भाजपा नेता ने राजपूत रजवाड़े और बेटियों को लेकर नया विवाद खड़ा कर दिया।

केंद्रीय मंत्री और गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला ने यह दावा करके विवाद पैदा कर दिया कि तत्कालीन 'महाराजाओं' ने विदेशी शासकों और अंग्रेजों के उत्पीड़न के आगे घुटने टेक दिए थे। यहां तक कि अपनी बेटियों की शादी भी उनसे कर दी थी। गुजरात में क्षत्रिय समाज ने रुपाला की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताई क्योंकि तत्कालीन राजघरानों में अधिकतर राजपूत थे। यहां तक कि अब लोकसभा चुनाव में रुपाला को हराने के लिए बड़ी रैली भी राजपूत समाज द्वारा की जा रही है। साथ ही भाजपा को सबक सिखाने की बातें भी हो रही हैं।

राजपूतों पर नेताओं की इन टिप्पणियों से एक ओर बिहार में राजद की चिंता बढ़ी है तो देश स्तर पर भाजपा को भी राजपूतों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, बिहार में कई ऐसी सीटें हैं जहाँ राजपूतों को भाजपा ने टिकट दिया है। सारण से राजीव प्रताप रुड़ी, आरा से आरके सिंह, महाराजगंज से जनार्दन प्रसाद सिग्रीवाल, औरंगाबाद से सुशील कुमार, मोतिहारी से राधा मोहन सिंह उम्मीदवार हैं। वहीं एनडीए से शिवहर जदयू की लवली आनंद और वैशाली से लोजपा (रामविलास) की वीणा देवी भी राजपूत हैं। राजद और महागठबंधन उम्मीदवारों को इन सीटों पर राजपूतों की गोलबंदी का सामना करना पड़ सकता है। इसके पीछे की वजह मनोज झा का 'ठाकुर का कुआं' कविता है जिसे राजपूत अपना अपमान बता चुके हैं। वहीं बक्सर सीट पर राजद ने राजपूत जाति से आने वाले सुधाकर सिंह को उम्मीदवार बनाया है लेकिन उन्हें भी 'ठाकुर का कुआं' के चक्कर में राजपूतों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही बिहार की अन्य सीटों पर एनडीए ने 'ठाकुर का कुआं' के नाम पर राजद को राजपूतों का अपमान करने वाला दल बताकर घेरना शुरू कर दिया है।

हालांकि राजपूतों ने सिर्फ राजद को टेंशन में नहीं डाला है, गुजरात में यही स्थिति भाजपा की है। राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला की राजपूतों पर बेटियों की शादी अंग्रेजों और अन्य से करने की टिप्पणी से क्षत्रिय समाज आक्रोशित है। राजकोट में रविवार को रुपाला और भाजपा के खिलाफ राजपूत बिरादरी की एक बड़ी रैली भी हुई। इसमें गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा का विरोध करने का कई राजपूत नेताओं ने दावा किया। इतना ही राजपूतों के राजाओं और बेटियों को लेकर की गई टिप्पणी को विरोधी दल भी भुनाने में लगे हैं।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने राजकोट में हुए राजपूतों के विरोध पर सोशल मीडिया पर लिखा, 'भाजपा के विरोध में राजपूत समाज की नाराजगी का ये महा जन सैलाब बता रहा है कि चाहे गुजरात हो, राजस्थान, हरियाणा या उप्र हर जगह क्षत्रिय, राजपूत, ठाकुर समाज अपने मान-सम्मान के लिए उठ खड़ा हुआ है। भाजपा को ये अधिकार कभी नहीं है कि वो किसी समाज का अपमान करे। भाजपा याद रखे जिन्होंने उन्हें सत्ता दी वहीं उन्हें सत्ता से बाहर करने की सौगंध उठाकर उन्हें बुरी तरह पराजित करेंगे। ये समाज जो वचन उठाता है उससे कभी फिरता नहीं। मतदाताओं को अपना राजनीतिक बंधुआ मानने की भूल, भाजपा के पतन का कारण बनेगी।' गौरतलब है कि यूपी की 80 लोकसभा सीटों में एक चौथाई ऐसी सीटें हैं जिस पर राजपूत वोटों का असर है। यही स्थिति राजस्थान और हरियाणा में है। ऐसे में रुपाला के बयान के विरोध में राजपूत समाज अगर एकजुट होता है इसका पूरे उत्तर भारत पर असर पड़ सकता है। इसमें यूपी (80), मध्य प्रदेश (29), राजस्थान (25), बिहार (40), हरियाणा(11), गुजरात (26) जैसे राज्य प्रमुख हैं. इन राज्यों में लोकसभा की 211 सीटें हैं। साथ ही मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा के सरकार में आने पर भी राजपूत समाज से मुख्यमंत्री नहीं बनाने का मामला भी इन दिनों दोनों राज्यों में सियासी चर्चा बना हुआ है। ऐसे में क्षत्रिय समाज की नाराजगी उभरती है तो यह बिहार में महागठबंधन तो राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को झटका दे सकती है।

कैंसर का इलाज ढूंढने वाले को 'ऑस्कर्स ऑफ साइंस' पुरस्कार

फ्रेंच-कनाडाई वैज्ञानिक मिषेल साडेलेन को कैंसर से लड़ने वाली जीन संवर्धित प्रतिरक्षी कोशिकाओं पर रिसर्च के लिए इस साल का "ऑस्कर्स ऑफ साइंस" पुरस्कार दिया गया है। लॉस एंजेलेस में पुरस्कार देने के लिए हुए भव्य समारोह में इलॉन मस्क, बिल गेट्स, जेसिका चास्टेन और ब्रैडली कूपर समेत कई मशहूर हस्तियां मौजूद थीं. मिषेल साडेलेन के रिसर्च ने एक नई तरह की थेरेपी का विकास संभव किया जिसे सीएआर-टी कहा जाता है. ब्लड कैंसर के कुछ प्रकारों के इलाज में यह असाधारण रूप से कारगर है. ऑस्कर्स म्यूजियम में रेड कार्पेट पर साडेलेन ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, "यह पुरस्कार एक असाधारण मान्यता है, यह सम्मान से कहीं ज्यादा है... क्योंकि मेरे वैज्ञानिक साथियों ने बहुत पहले मुझसे कहा था कि यह काम नहीं करेगा."

ऑस्कर्स ऑफ साइंस

2010 में शुरू हुआ ब्रेकथ्रू प्राइज दुनिया के "बेहद प्रतिभाशाली दिमागों" को हर साल जीवविज्ञान, भौतिकी और गणित के क्षेत्र में दिया जाता है. यह पुरस्कार खुद को सिलिकन वैली की ओर से 'नोबेल' के जवाब की तरह दिखाता है. इसे "ऑस्कर्स ऑफ साइंस" कहा जाता है. इसके शुरूआती प्रायोजकों में सर्गेइ ब्रिन, प्रिसिला चान और मार्क जकरबर्ग भी शामिल हैं.

वैक्सीन ला सकती है कैंसर के इलाज में बड़ा बदलाव

30 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि को साडेलेन अमेरिकी प्रतिरक्षाविज्ञानी कार्ल जून के साथ बांटेंगे, जिन्होंने स्वतंत्र रूप से इस क्षेत्र में रिसर्च किया है। साडेलेन ने यह भी कहा, "सबसे बड़ी खुशी हालांकि मरीजों को देख कर होती है...जिनके पास अब मौका नहीं बचा था और जो हमारा आभार जताते हैं, वे आज सीएआर-टी की वजह से जीवित हैं. साडेलेन ने पेरिस में मेडिसिन की पढ़ाई की, उसके बाद इम्यूनोलॉजी की पढ़ाई करने कनाडा गए. इसके बाद उन्होंने 1989 में मेसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पोस्टडॉक्टरोरल रिसर्च की.

सीएआर-टी कोशिका

उस वक्त प्रतिरक्षा तंत्र को कैंसर कोशिकाओं की पहचान और उन्हें खत्म करने के लिए सक्षम बनाने वाली वैक्सीनों के विकास पर बहुत जोर था. शरीर जिस तरह बैक्टीरिया और वायरस जैसे बाहरी तत्वों से लड़ना सीख जाता है, उसी तरह से इसके लिए भी उसे तैयार करने की कोशिश की जा रही थी. न्यूयॉर्क के मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर में आने के बाद साडेलेन ने एक निष्क्रिय वायरस को जेनेटिकली रिप्रोग्राम ह्यूमन टी-सेल के रूप में इस्तेमाल करने का एक तरीका विकसित किया. इसके जरिए वह पंजे जैसी रचनाएं विकसित करने में सफल हुए जिन्हें एंटीजेन रिसेप्टर कहा गया. इसके जरिए टी-कोशिकाएं खास कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाती हैं। कैंसर की पहचान करने के अलावा शिमेरिक एंटीजन रिसेप्टर यानी सीएआर-टी कोशिकाओं को मारक अवस्था में जाने और मल्टीप्लाई करने के भी जेनेटिक इंसट्रक्शन दिए जाते हैं. इसका मतलब है कि शरीर के भीतर बाहरी शत्रु से लड़ने के लिए एक पूरी सेना तैयार हो जाती है. शिमेरिक एंटीजन रिसेप्टर को यह नाम साडेलेन ने ही दिया था. साडेलेन और जून के जमीनी स्तर पर काम की वजह से ही आधे दर्जन सीएआर-टी सेल थेरेपी को अमेरिका ने मंजूरी दे दी है. इसके अलावा सैकड़ों और थेरेपियों के लिए परीक्षण चल रहे हैं.

क्या आ गया है पैंक्रियाटिक कैंसर से बचाव का टीका?

कैंसर का इलाज

इस इलाज में मरीजों के अपने टी-सेल्स जमा किये जाते हैं फिर उन्हें शरीर के बाहर जीन संवर्धित किया जाता है और फिर खून में वापस डाल दिया जाता है. इन्हें "लिविंग ड्रग्स" कहा जाता है. इस इलाज ने लिम्फोमा, ल्यूकेमिया के कुछ प्रकार और बेहद गंभीर और जटिल माइलोमा पर अपनी सफलता साबित की है. साडेलेन को उम्मीद है कि रिसर्चों के जरिए दूसरे कैंसरों के इलाज में भी इस का उपयोग हो सकेगा. एक बड़ी चुनौती इलाज के खर्च को घटाने की है. फिलहाल यह खर्च करीब 5 लाख अमेरिकी डॉलर है जो आमतौर पर इंश्योरेंस कंपनियां उठाती हैं.

दिवास्वप्न जैसा भाजपा का घोषणापत्र

आम चुनाव में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने वाला है और उससे ठीक पांच दिन पहले अंबेडकर जयंती पर सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणापत्र पेश किया। यूं तो 10 सालों से केंद्र की सत्ता पर बैठी भाजपा को अपने 10 साल के काम दिखाकर ही जनता से वोट मांग लेने चाहिए थे। अलग से घोषणाएं करने की कोई जरूरत ही नहीं थी। 2014 में नरेन्द्र मोदी ने अच्छे दिनों का वादा जनता से किया था। अगर अच्छे दिन 2014 से शुरू हो चुके थे, तो उन्हें 2024 में भी जारी रहने दिया जा सकता था। लेकिन हकीकत क्या है, ये भाजपा भी अच्छे से जानती है और अब जनता भी समझने लगी है। इसलिए भाजपा को अपना संकल्प पत्र नाम का घोषणापत्र जारी करना पड़ा। जिसमें महंगाई या बेरोजगारी पर कोई बात नहीं की गई, अलबत्ता मोदी की गारंटी जैसी शब्दावली के साथ नयी घोषणाओं को पेश किया गया है।

कांग्रेस का घोषणापत्र न्यायपत्र के नाम से जारी किया गया है और भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में ज्ञान का जिक्र किया है। जी वाय ए एन का विस्तार हुआ, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी। भाजपा की यह ज्ञान वाली कोशिश कांग्रेस के आगे बचकानी ही नजर आई। क्योंकि भाजपा अगर 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए नए वादे कर रही है, इसका मतलब यही हुआ कि 10 सालों में इन वर्गों के उत्थान में भाजपा सफल नहीं हो पाई है।

भाजपा ने 2014 में सत्ता में आने के लिए हर साल 2 करोड़ रोजगार, हर खाते में 15 लाख जैसे वादे किए थे, फिर 2022 तक किसानों की दोगुनी आय की बात कही थी, नमामि गंगे, बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी के सपने लोगों को दिखाए थे। और भाजपा की सत्ता के साल गुजरने के साथ ही ये तमाम बातें जुमलेबाजी में बदल गईं। हल्की-फुल्की चर्चा और मस्ती-मजाक में किसी पर जुमलेबाजी करने, ऊंची-ऊंची हांकने, मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने जैसी बातें स्वीकार्य हो सकती हैं, लेकिन जब इनका असर देश पर होने लगे तो यह हर नागरिक के लिए खतरे की घंटी है कि वह संभल जाए।

भाजपा के 10 सालों में गंगा नदी साफ नहीं हुई, बल्कि इस दौरान काशी विश्वनाथ से लेकर महाकाल तक कई मंदिरों में कॉरिडोर बनाकर उन्हें आम आदमी की पहुंच से दूर कर दिया गया। उत्तराखंड में हिमालय में पड़ रही दरारों को अनदेखा कर ऑल वेदर रोड जैसी परियोजनाएं शुरू हो गईं। एक साल तक किसानों को आंदोलन पर बैठना पड़ा, अब भी किसान आंदोलनरत हैं, इस बात को भुलाकर किसानों के उत्थान के नए वादे हो रहे हैं। मणिपुर से लेकर महिला पहलवानों तक नारी उत्पीड़न के कई गंभीर मामलों को अनदेखा कर नारी शक्ति की बात की जा रही है। बुलेट ट्रेन अब तक नहीं चली, अब नयी वंदे भारत की बात होने लगी है और ओडिशा में हुई बड़ी रेल दुर्घटना के दोषियों को कब सजा मिलेगी, वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती टिकट की व्यवस्था क्या फिर से शुरू होगी, इस पर कोई बात नहीं की जा रही। 45 सालों में बेरोजगारी के आंकड़े क्यों बढ़े, इसका कोई जवाब न देकर पकौड़ा रोजगार का विकल्प मोदी सरकार ने पेश किया था, अब सरकार रोजगार की बात ही नहीं कर रही और युवाओं को लुभाने के लिए पेपरलीक पर कड़े कानून की बात कर रही है। पेपर तो पिछले 10 सालों में कई बार लीक हुए, तो अब तक सरकार ने कोई कानून क्यों नहीं बनाया, ये सवाल भाजपा से पूछा जाना चाहिए।

सरकार का दावा है कि उसने करोड़ों लोगों को गरीबी से निकाला, लेकिन ये बात सच है तो फिर 80 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज योजना का सच क्या है। क्या लोग इसी तरह 5 किलो अनाज के मोहताज बनकर अपने स्वाभिमान को छोड़कर केवल सांस लेते रहने के लिए जिंदा रहेंगे। क्या श्री मोदी 2047 के विकसित भारत में ऐसे ही जिंदा लोगों का देश बनाना चाहते हैं।

भाजपा के घोषणापत्र में एक नया शिगूफा 2036 में ओलंपिक की मेजबानी का छोड़ा गया है। ओलंपिक की मेजबानी शायद ही किसी देश में चुनाव का मुद्दा बना हो, श्रीमान नरेन्द्र मोदी ने इस बात को भी मुमकिन कर दिखाया है। ओलंपिक किस देश में होंगे, यह तय करना अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों का काम है, और समिति किसी पार्टी नहीं, बल्कि देश के हालात देखकर उसका चयन करती है। अभी 2032 तक की मेजबानी तय हो चुकी है, मगर श्री मोदी ने 2036 की बात अपने घोषणापत्र में कर दी है। मानो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति भारत को नहीं भाजपा को ओलंपिक की मेजबानी के लिए चुनेगी। भाजपा के घोषणापत्र में ओलंपिक की मेजबानी का जिक्र ठीक वैसा ही है जैसे 15-15 लाख हर खाते में डालने की बात थी। तब लोगों को ये आसान गणित समझाया गया था कि स्विस बैंकों में रखा हुआ काला धन मोदीजी देश में ले आएंगे और उसे फिर सारे लोगों में बांट देंगे। अभी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा प.बंगाल में पकड़ी गई अवैध धनराशि के भी इसी तरह वितरण की बात श्री मोदी ने कही है। लोगों को यह सुनकर ही अच्छा लगता है कि बैठे-ठाले उन्हें लाखों की रकम मिल जाएगी। मगर 10 सालों में लोगों को नोटबंदी, जीएसटी और बैंकों के दिवालिया होने या बड़े कर्जदारों के देश से भाग जाने पर लाखों का चूना लग चुका है। भाजपा के घोषणापत्र में इन भगोड़ों को वापस लाने की कोई बात नहीं है, बैंकिंग व्यवस्था मजबूत करने, छोटे और लघु व्यवसायियों को राहत मिलने, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और नए सार्वजनिक निकायों को स्थापित करने की कोई बात नहीं है। केवल सुनहरे ख्वाबों को नए सिरे से दिखाने की कोशिश की गई है। लेकिन जनता अब शायद दिन में सपने देखने से मना कर दे।

भूतो न भविष्यति : जब ग्वालियर से अटल जी ने खाई मात

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

भारत की सियासत में अनेक नेता अजेय माने जाते है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ऐसे ही नेताओं में से एक थे, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने 1985 का लोकसभा चुनाव सिंधिया परिवार को टूटने से बचाने के लिए किया गया एक बड़ा बलिदान है। अटल जी ने उस चुनाव में अपने सियासी जीवन की सबसे बड़ी पराजय का सामना किया था। अटल जी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे।

माधवराव सिंधिया ने 1971, 77 और 1980 का लोकसभा चुनाव गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से लड़ा था। माधवराव सिंधिया को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों ने पूरी ताकत लगाई लेकिन वो कभी चुनाव नहीं हारे। बाद में माधवराव सिंधिया कांग्रेस में शामिल हो गए और 1985 में कांग्रेस ने भाजपा के सबसे बड़े नेता अटल बिहारी बाजपेयी को हारने के लिए माधवराव सिंधिया को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करते हुए गवालियर सीट से अटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ मैदान में खड़ा कर दिया। ये फैसला नामांकन पत्र भरने के अंतिम क्षणों में हुआ बाजपेयी के खिलाफ किसी दूसरी सीट से नामांकन भरने का वक्त ही नहीं बचा था।

मुझे याद है कि उस समय राजमाता और माधवराव सिंधिया के बीच दूरियां बढ़ने लगी थी। माधवराव सिंधिया जनसंघ छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे। जिस कारण से राजमाता नाराज थीं। ऐसे में राजमाता ने भी 1984 का लोकसभा चुनाव ग्वालियर से लड़ने की बात कही थी। अटल बिहारी वाजपेयी को जैसे ही राजमाता के ग्वालियर से चुनाव लड़ने की भनक लगी वो सीधे ग्वालियर आकर राजमाता से मिले और कहा कि मैं कोटा की जगह ग्वालियर से चुनाव लडूगा। अटल जी ने ये प्रस्ताव भावुकता में किया था, उन्हें क्या पता था कि उनका ये फैसलना आत्मघाती साबित होगा। माधवराव सिंधिया ने उन्हें करीब पौने दो लाख वोटों से हराया था।

भाजपा 1984 के लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी के लिए एक सुरक्षित सीट की तलाश में थी। जिसके लिए पहले कोटा और बाद में ग्वालियर सीट पर विचार किया गया, अंत में ग्वालियर सीट से उनका नाम फाइनल किया गया क्योंकि ये सीट राजमाता के प्रभाव वाली सीट थी। मजे की बात ये है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्वालियर से चुनाव लड़ने से पहले माधवराव सिंधिया से पूछा था कि आप ग्वालियर से तो चुनाव नहीं लड़ेंगे ? दोनों के रिश्ते बहुत मधुर थे। माधवराव सिंधिया ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे तो गुना से चुनाव लड़ते हैं। ग्वालियर से क्यों लड़ेंगे ? लेकिन ऐन मौके पर जब राजीव गांधी ने माधवराव सिंधिया की सीट बदल दी तो खुद माधवराव सिंधिया अवाक रह गए।

1984 -85 में अटल बिहारी वाजपेयी वैसे तो माधवराव सिंधिया की उम्मीदवारी सामने आते ही आधा चुनाव हार गए थे, लेकिन उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। पांव में तकलीफ के बाद भी वे प्लास्टर बांधकर चुनाव प्रचार करते रहे। भाजपा के कुछ स्थानीय कार्यकताओं ने अटल जी कि ऊँट पल पर हुई सभा में बम रखे होने की अफवाह उड़ाई और एक नारियल छिपकर रख दिया लेकिन हवा को नहीं बदलना था, सो नहीं बदली।

अटल जी मन मारकर गली-गली चुनाव प्रचार करते रहे। खुद राजमाता ने सार्वजनिक रूप से अटल जी का प्रचार किया लेकिन उनका दिल आपने बेटे की जीत के लिए धड़क रहा थ। पार्टी कार्यकताओं ने भी राजमाता के मन की बात सुनी और अटल जी का साथ छोड़ दिया। अटल जी को चुनाव हारना था सो चुनाव हार गए। चुनाव परिणामों की अंतिम घोषणा से पहले ही अटल जी ने कुछ चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में एक खीज भरी मुस्कराहट बिखेरते हुए कहा कि - ग्वालियर से चुनाव लड़कर मैंने मां -बेटे की लड़ाई को महल तक सीमित रहने दिया। उसे सड़क पर नहीं आने दिया।

मुझे अच्छी तरह से याद है कि अटल जी ने कहा था कि-' अगर मैं इस सीट से चुनाव नहीं लड़ता तो माधवराव सिंधिया के खिलाफ राजमाता चुनाव लड़ जाती और मैं यही नहीं चाहता था।' आपको याद होगा कि राजमाता में राजहठ बहुत थ। इससे पहले वे पार्टी के मना करने के बावजूद रायबरेली से इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव लड़कर हार चुकी थी। भाजपा कि सिंधिया परिवार के प्रति भक्ति अटल जी की हार का कारण बनी

। कांग्रेस ने जब माधवराव सिंधिया को कांग्रेस से बाहर कर दिया था उस समय भी भाजपा ने सिंधिया को ग्वालियर से वॉक-ओव्हर देते हुए अपने प्रत्याशी को मैदान से हटा लिया था, वो भी केवल राजमाता की वजह से।

1984 -85 के लोकसभा चुनाव में पहली बार ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने पिता माधवराव सिंधिया के समर्थन में रैली की थी। ये उनकी पहली रैली थी। उस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया की उम्र मात्र 14 साल थी। उन्होंने अपनी मां के साथ अपने माधवराव सिंधिया के लिए चुनाव प्रचार किया था। वहीं, राजमाता ने चुनाव प्रचार में केवल एक रैली को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि एक ओर पूत है, दूसरी ओर सपूत।

तेजस्वी की मीन, भाजपा ने बजाई बीन

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

मुद्दा विहीन लोकसभा चुनाव में मजा ही नहीं आ रहा था,लेकिन राजद के तेजस्वी की मछली ने भाजपा को बीन बजाने पर मजबूर कर दिया। भाजपा भी अपने असल मुद्दों से भटककर तेजस्वी की मछली के भभके में आ गयी है। अब साफ हो गया है कि भाजपा का चुनावी एजेंडा विकास नहीं बल्कि आपका खान-पान और वेश-भूषा भी है। भाजपा आपके खाने के मेन्यू तय करना चाहती है लेकिन तेजस्वी ने इसे नकार दिया है। तेजस्वी ने मछली खाते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट कर भाजपा को चिढ़ाया और भाजपा चिढ भी गयी।

अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव पहले के तमाम चुनावों से भिन्न हैं। भिन्न इस मायने में कि इस चुनाव में देश की जनता के सरोकारों से जुड़ा कोई मुद्दा विमर्श में नहीं है । सत्तारूढ़ दल बार-बार इस आम चुनाव को भी घुमा-फिरकर राम मंदिर और धर्म पर केंद्रित करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन बिहार के युवा नेता ने भाजपा के एजेंडे को मोड़ दिया है। भाजपा अपने तरकस के तमाम तीर विपक्ष पर चला चुकी है अब उसके पास केवल तुक्के बच्चे हैं और ये तुक्के भी अब ज्यादा असर नहीं दिखा पा रहे हैं।

आपको याद होगा कि अब तक भाजपा विपक्ष को अपने पाले में लेकर खेलने के लिए विवश करती रही है ,किन्तु अब स्थिति उलट है। भाजपा को विपक्ष के पाले में आकर खेलना पड़ रहा है। अपनी याददास्त पर जोर डालिये तो आप पाएंगे कि पिछले महीनों में राहुल गांधी सावन में मटन बनाते नजर आए थे तो इसके फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। अब नवरात्रि के पहले दिन तेजस्वी यादव मछली खाने का वीडियो डालकर चुनाव को मुगलई बना दिया। प्रधानमंत्री जम्मू के उधमपुर से सावन और नवरात्रि में मटन-मछली के वीडियो से मुगल सोच के तहत चिढ़ाने का आरोप परोक्ष रूप से लालू परिवार और राहुल गांधी पर लगा दिया। जबकि ये चुनाव का मुद्दा है ही नहीं।

सब जानते हैं कि भारत एक हिंदू बहुसंख्यक देश है और भारत में शाकाहार के मुकाबले मांसाहार करने वाले भी बहुसंख्यक हैं। यानी नॉनवेज खाने वालों की संख्या ज्यादा है। 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 57 प्रतिशत पुरुष और 45 फीसदी महिलाएं नॉनवेज खाते हैं. ऐसे में सवाल उठाते हैं कि क्या किसी का मछली खाना राजनीतिक मुद्दा हो सकता है ? क्या मोदी राज में खाने की आदत से धर्म और इंसान पहचाना जाएगा ? क्या हिंदू सिर्फ शाकाहारी होते हैं और जो नॉनवेज खा लेते हैं वो विधर्मी हो जाते हैं ? अगर सावन या नवरात्रि में कोई नॉनवेज खाता है तो क्या गलत है ? क्या सावन या नवरात्रि में नॉनवेज खाकर वीडियो बनाने या करने से दूसरों की भावना को चोट पहुंचती है और क्या सावन-नवरात्र में किसी के नॉनवेज खाने का वीडियो डालने से अल्पसंख्यक वोटर वोट दे देते हैं?

प्रधानमंत्री जी और उनकी टीम शायद भारत की विविधता से वाकिफ नहीं है। उसे मानव विकास के इतिहास का भी पर्याप्त ज्ञान नहीं है। वे जिस संस्कृति के लिए लड़ रहे हैं उस सनातन को भी शायद भली-भांति जानते नहीं है। भारत में एक बड़े हिस्से में मांसाहार का धर्म से कोई लेना देना नहीं है। बिहार ही क्यों बंगाल ,ओडिशा,केरल ,तमिलनाडु जैसे अनेक राज्यों में मांसाहार हिन्दू भी करते हैं और गैर हिन्दू भी। लेकिन अब खान-पान भी एक चुनावी मुद्दा है। खुद भाजपा कि कंगना हिमाचल में अपने खानपान को लेकर विवादों में घिरी हुई है। कांग्रेसियों ने उसे गौ मांस खाने वाला बताकर वोट मांगने की घृणित कोशिश की है।

लोकसभा चुनाव में इस तरह के आरोप -प्रत्यारोप को लेकर केंचुआ कानों में रुई डालकर बैठा है । केंचुए की हिम्मत नहीं कि वो देश केप्रधानमंत्री को भी वैसी ही एडवाइजरी जारी करे जैसी कि उसने चुनावों से पहले राहुल गांधी के लिए जारी की थी। जबकि यही मौका है जब केंचुआ अपने भूमिनाग होने को दर्शा सकता है। केंचुआ चाहे तो चुनावों को आदर्श बना दे और न चाहे तो चुनावों को दूषित भी करा दे। अभी केंचुआ एक कठपुतली की तरह काम कर रहा है। खास तौर पर ताजा मछली काण्ड को लेकर। किसी के खान-पान की निंदा करना , उसे धर्म से जोड़ना कदाचरण नहीं तो और क्या है। केंचए को तेजस्वी के साथ ही कंगना की भी मदद करना चाहिए।

मजे की बात ये है कि खान-पान से मोदी जी की तुलना भी की जा रही है।

आरोपियों से मिलीभगत कर पुलिस ने दलित के घर बोला धावा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कोतवाली कर्वी के बनवारीपुर रोड नई दुनिया की रनुवा पत्नी सलपति उर्फ सलपाती ने पुलिस अधीक्षक समेत सूबे के डीजीपी को लिखे पत्र में कहा कि घर में दरोगा ने दरवाजे की सिटकिनी तोडकर जबरन घुसकर उससे अभद्रता कर घर से बाहर घसीटकर कुर्की करने व पूरे परिवार को जेल भेजने की धमकी दी है। पीडिता ने धमकी देने वाले दरोगा को विवेचना से हटाने की मांग की है।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के नई दुनिया की श्रीमती रनुवा पत्नी सलापति उर्फ सलपाती ने पुलिस अधीक्षक व सूबे के डीजीपी को भेजे पत्र में कहा कि पति व पुत्रो को जान से मारने की गरज से ट्रैक्टर व बुलेरो से आये दंबगों ने 14 मार्च की रात 11 बजे मारपीट कर घायल किया था। रिपोर्ट कोतवाली कर्वी में दर्ज कराई थी। पुलिस ने 187/2024 धारा 147, 279, 337, 323, 504, 506 के तहत दर्ज की थी। विपक्षी धन-बल से रिपोर्ट के आठ दिन बाद उल्टा मुकदमा लिखा दिया। विवेचक ने पीडिता के पति व पुत्र कल्लू को दस अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीडिता के पति व पुत्रों पर जानलेवा हमला की रिपोर्ट बढा दी। विवेचक ने पुत्र सिया पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट न बढाकर आरोपियों से पक्षपातपूर्ण कार्यवाही कर रहे हैं। 13 अप्रैल की रात 12 से एक बजे के बीच विवेचक गजबे आलम ने छः लोगो के साथ लोहे के दरवाजे की कुंडी तोडकर घर मे जबरन घुस आये। पीडिता व बहू बिट्टी पत्नी राममिलन व आरती पत्नी सिया जो गम्भीर घायल पुत्र सिया की देखरेख कर रही थी- उसे धक्का देकर अमर्यादित आचरण से कहा कि लडको को कहां छिपा रही हो। घर की कुर्की कर सबको जेल भेज देंगे। सिपाहियों ने भी गन्दी-गन्दी गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। घर में रखे बक्शे का ताला व अलमारी खोलकर सामान तितर-बितर कर दिया। पीडिता ने मामले की जांचकर पुलिस के खिलाफ उचित कार्यवाही व विवेचक को बदलने की मांग की है।

पत्र दिखाती पीडिता।

बोया पेड बबूल का, आम कहां से होय

बसपा फिर होगी धडाम?

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र 48 लोकसभा चुनाव में बसपा से जनता को खासी उम्मीदें थीं। कयास लगाये जा रहे थे कि बसपा सही प्रत्याशी का चयन कर चुनावी समर में उतारेगी तो सत्ताधारी दल के प्रत्याशी व गठबंधन प्रत्याशी पर बसपा प्रत्याशी भारी पडेगा। नरैनी से पूर्व बसपा विधायक/दलित समाज की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कांड के मुख्य आरोपी पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के पुत्र मयंक द्विवेदी को बसपा ने प्रत्याशी घोषित कर जनता की उम्मीदों पर पानी फेरा है।

ज्ञात है कि पूर्व विधायक स्व पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी का बांदा-चित्रकूट समेत अन्य जगहों पर अच्छा खासा आपराधिक इतिहास विभिन्न थानों में दर्ज है। बबेरु में तो शराब कारोबार के दौरान पुलिस ने पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी को गधे में बैठाकर पूरे कस्बे में घुमाया था। शराब कारोबारी के साथ वे जुआ की फड भी चलवाते थे। वैध-अवैध कारोबार कर ढेरों दौलत कमाई थी। वैध-अवैध दौलत के बूते संसदीय क्षेत्र से बतौर बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक के पुत्र मयंक द्विवेदी चुनावी समर में हैं। जनमानस को यकीन था कि बसपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी पर दांव लगाया तो चुनावी समीकरण बदलेंगे, लेकिन मयंक को प्रत्याशी बनाकर बसपा ने अपने पैर में कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बसपा शासनकाल में नरैनी से विधायक रहे पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के दलित समाज की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कांड सुर्खियों में रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री/बसपा सुप्रीमो ने विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी को निलंबित कर जेल भेजा था। चोरी का इल्जाम दलित समाज की नाबालिग लड़की पर लगाकर विधायक ने जेल भेजने का काम किया था। विधायक समेत अन्य साथियों को दुष्कर्म कांड में अदालत से सजा भी हुई थी।

दुष्कर्म/आपराधिक इतिहास सजायाफ्ता पूर्व विधायक के पुत्र पर बसपा ने लगाया दांव

बहुजन समाज की बेटी/दलित समाज की हितैषी होने का दंभ भरने वाली बसपा सुप्रीमो ने दलित समाज की नाबालिग लड़की के दुष्कर्म कांड के मुख्य आरोपी/ सजायाफ्ता पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के पुत्र मयंक द्विवेदी को टिकट देकर बहुजन समाज के साथ छलावा किया है। दलित समाज कभी बसपा सुप्रीमो को माफ नहीं करेगा। ऐसे में बसपा की चुनावी नइया को कौन पार लगायेगा।

पुलिस टीम ने दम्पति को किया एक

पुलिस टीम के साथ दम्पति।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कर सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया।सोमवार को प्रयागराज रोड शास्त्रीनगर कोतवाली कर्वी की श्रीमती वंदना गुप्ता पुत्री अर्जुन प्रसाद गुप्ता ने पति पंकज गुप्ता पुत्र कल्लू गुप्ता बबेरू रोड नहर पट्टी शिवनारायण स्मृति वाटिका बांदा के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज बाबत महिला थाना में पत्र दिया था। महिला थाना में तैनात दरोगा संतोष त्रिपाठी ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाना बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी, महिला सिपाही मोनिका तोमर, महिला सिपाही शिवानी सिंह शामिल रहीं।

छह के कब्जे से 345 लीटर महुआ-20 क्वार्टर देशी शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने छह लोगों के कब्जे से 345 लीटर महुआ व 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

सोमवार को राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने विजमा देवी पत्नी रामकिशोर कस्बा राजापुर के कब्जे से 120 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा कृष्णदेव मिश्रा ने आबकारी टीम के साथ रामबाबू निषाद पुत्र महादेव रगौली के कब्जे से 145 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरणों समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा मातादीन ने सिपाही आशीष व महिला सिपाही रेखा के साथ चुनकौना पुत्र लक्षना परसौंजा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरणों समेत गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने आबकारी टीम के साथ राजकुमार उर्फ पट्टू पुत्र रामआसरे उर्फ बच्चा मवईकला के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरणों समेत तथा रुपा पत्नी सूरजभान बराछी के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा रविकान्त राय ने संदीप सिंह पुत्र महेश प्रसाद रैपुरा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

हर घर नल योजना में उठे सवाल

पानी टंकी निर्माण में लापरवाही, प्रधान ने डीएम को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में से एक जल जीवन मिशन हर घर नल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से ठेकेदार गुणवत्ताविहीन कार्य कराकर सरकारी धन को ठिकाने लगा रहे हैं। सोमवार को सदर ब्लाक कर्वी के धौरहीमाफी गांव प्रधान देवीदयाल ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

प्रधान ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि धौरहीमाफी के मजरा ल्यौंझा में जल जीवन मिशन योजना से पानी टंकी का कार्य शुरू है।

पीडित प्रधान।

ठेकेदार ने पानी टंकी कार्य गुणवत्ता से नहीं कर रहा। पानी टंकी कार्य में मानकविहीन सामग्री का प्रयोग कर बना रहा है। निर्माण कार्य दौरान पानी की तराई भी नहीं हो रही। कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं है। पानी टंकी ढंग से न बनाने से समय से पहले ध्वस्त होने के आसार हैं। प्रधान ने जिलाधिकारी से पानी टंकी निर्माण की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। जल जीवन मिशन हर घर नल योजना के तहत जिले में करोड़ों रुपए की धनराशि मंजूर है। जिले के प्रत्येक गांव में पाइपलाइन बिछाने के कार्य हो रहे हैं। निर्माण कार्य लार्सन एंड टर्बो कंपनी करा रही है। जल जीवन मिशन हर घर नल योजना के कार्य अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव की देखरेख में हो रहे हैं। ठेकेदार मनमानी से बाज नहीं आ रहा। गुणवत्ताविहीन कार्य कराकर सरकारी धन को ठिकाने लगा रहा है। गांवों के रास्ते खुदे पड़े हैं। रोड़ को सही ढंग से नहीं बनाया जा रहा। कार्यदाई संस्था लार्सन एंड टर्बो कंपनी के पूर्व प्रोजेक्ट हेड जितेन्द्र कुमार तिवारी व अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनन्दु सुधाकरण की मिलीभगत से पाइपलाइन आपूर्ति व रोड़ मरम्मत कार्यों में ठेकेदार ने खूब धांधली की है। इससे जल जीवन मिशन हर घर नल योजना के कार्य पूरे नहीं हो सके। लार्सन एंड टर्बो कंपनी के नए प्रोजेक्ट हेड व वर्तमान में एडीएम नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव से उम्मीद थी कि हर घर नल योजना का कार्य तेजी से होगा। प्रोजेक्ट हेड/एडीएम के निर्माण कार्यों में रुचि न लेने से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

दलहन-तिलहन का खोलें खरीद केन्द्रः भाकियू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाकियू की मासिक किसान पंचायत तहसील राजापुर, मऊ में हुई। तहसील प्रभारी शिवदयाल सिंह बघेल व मंडल उपाध्यक्ष उदयनारायण सिंह ने एसडीएम राजापुर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि चिल्लीमल पम्प कैनाल को सुचारू ढंग से चलाया जाए, ताकि किसान गर्मी की फसलों मूंग, उड़द व सब्जियों की रोपाई कर सकें।

सोमवार को भाकियू नेताओं ने एसडीएम को सौंपे पत्र में कहा कि गौशालाओं से जानवरों को न छोड़ा जाए, ताकि गर्मी की फसलों का किसान लाभ ले सकें। दर्जनों गांवों के किसानों ने गर्मी की फसलें तैयार करने की इच्छा जताई है। जिला प्रशासन किसानों का सहयोग करें। तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी ने कहा कि मऊ क्षेत्र में बेमौसम बारिश से किसानों की फसलों को क्षति पहुंची है। लोधौरा, बरेठी, हनुमानगंज, ददरी, खंडेहा का सर्वे कर मुआवजा दिलाया जाए। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि गल्लामंडी कर्वी में किसानों की दलहन फसलों चना, मसूर, सरसों फसलों को व्यापारी गुमराह कर खरीद रहे हैं। किसानों को फसलों का उचित मूल्य सरकार ने निर्धारित किया है, वह नही मिल रहा। फसलों की तौल में घटतौली की जा रही है। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड दलहन- तिलहन का केंद्र माना जाता है। किसानों को फसलें बेंचने में दिक्कत होती है। भाकियू ने जिला प्रशासन से मांग की है कि दलहन-तिलहन क्रय केंद्र ब्लॉक व तहसील पर खोले जायें, ताकि किसानों को उपज का उचित दाम मिक सके। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष नरेश त्रिपाठी, बब्बू माली, शत्रुघ्न सिंह, देवनारायण यादव, अजीत सिंह, राजकुमार, सन्तोष कुमार, कमलेश, रामेश्वर, शिव सिंह, छेदीलाल, रामशरण राजपूत समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू नेता।

डीएफओ की सह पर वनकर्मी निरंकुश

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। डीएफओ डॉ नरेन्द्र सिंह की लापरवाही से मारकुंडी रेंज भाग-1 वनकर्मी उमेश फारेस्ट गार्ड इन दिनों जंगलों से अवैध पत्थर बडे पैमाने पर बेंच रहा है। सोमवार को वनकर्मी के पत्थर बेंचने का खुलासा हुआ। बताया गया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुंडी रेंज भाग-1 के जंगल डोडा बीट के बेड़ा, धनेवा, मुरली जंगल से दो सौ ट्राली पत्थर खनन कर बेंचा गया। डोडा बीट वाचर समेत ड्यूटी पर तैनात वनकर्मी फारेस्ट गार्ड उमेश शुक्ला ने ठेकेदारों को पत्थर बेंचे है। विभागीय जांच होने पर बड़ा खुलासा होने के आसार हैं। मारकुंडी रेंज भाग-1 रानीपुर टाइगर रिजर्व डोडा बीट जंगल में पत्थरों का अवैध खनन कर बेंचने का कारोबार धडल्ले से जारी है। डीएफओ का वनकर्मियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। या फिर डीएफओ की मिलीभगत से जंगल में अवैध कारोबार पनप रहा है।

एसपी के निर्देश पर पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले पांच लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट लगाया है। सोमवार को पहाडी थानाध्यक्ष ने रामलखन पुत्र रामखिलावन, विद्यालोक पुत्र शिवपूजन, काशी प्रसाद पुत्र ब्रजलाल, अम्बरीश पुत्र सत्यजीत व लाल उर्फ रुद्रदेव पुत्र शत्रुघ्न सिंह निवासी परसौंजा के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

पुलिस ने चार वारंटी दबोचे

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने चार वारंटी दबोचे हैं। सोमवार को निरीक्षक अपराध थाना मानिकपुर प्रभुनाथ यादव ने सिपाही अजीजुद्दीन, जलील अहमद के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी भईयालाल उर्फ गांधीनगर, बाबू उर्फ संतोष पुत्र बोडा हेला को गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा रविकान्त राय ने सिपाही नन्हे यादव के साथ जुआ अधिनियम के वारंटी लवलेश मिश्रा पुत्र बराती कौबरा को गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा हारुन रशीद खां ने सिपाही नरेन्द्र सिंह के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी रामा पुत्र रामसनेही धौरहीमाफी को गिरफ्तार किया।

तीन किलो गांजा समेत दो दबोचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने अरविन्द सोनकर पुत्र स्व शंकरलाल सोनकर सरहटी कस्बा कालिंजर बांदा, राकेश सोनकर पुत्र फूलचन्द्र सोनकर बस स्टैण्ड कस्बा कालिंजर बांदा को तीन किलो दो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। तीनों पर कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया है। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता व सिपाही सुरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

पुलिस गिरफ्त में गांजा कारोबारी।

हादसा आरोपी को हुआ दो हजार जुर्माना

चित्रकूट। न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह व पैरोकार बाबूलाल ने पैरवी कर अदालत से सड़क हादसे के आरोपी को दो हजार रुपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित कराया है। सोमवार को अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते सिविल जज सीनियर डिवीजन सुश्री सोनम गुप्ता ने भरतकूप थाने में दर्ज हादसे के आरोपी गया प्रसाद पुत्र प्रीतम प्रसाद बाबूपुर थाना पहाड़ी को दो हजार रुपये के जुर्माना न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

प्रभु श्रीराम की बाल लीला सुन आनंदित हुए श्रोता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफतलाल की जन्म शताब्दी वर्ष पर नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम के किशोरीशरण मधुकर महाराज मुढिया बाबा सरकार रामकथा सुना रहे हैं। महाराज ने कथा के छठवें दिन देश के विभिन्न प्रान्तों से आये कथा श्रोताओं को प्रभु श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन किया।

सोमवार को कथा वाचक ने कहा कि प्रभु श्रीराम जन्म के समय अयोध्या में बधाई व उत्सव मनाया जाता है। एक माह बीत गए प्रभु को जन्म लिए, बाल लीलायें देखने को देवी-देवता नजर लगाये थे।

अर्शीवाद लेती भक्तगण।

भगवान शिव को प्रभु के दर्शन की मन में लालसा होती है। भोलेनाथ वृद्ध ब्राह्मण के भेष में काग भुसुंड को चेला बनाकर अयोध्या पहुंच जाते हैं। अयोध्यावासियों की हस्त रेखा देखकर उसके बारे में बताने लगते हैं। पूरे नगर में चर्चा हो जाती है कि बहुत बड़े ब्राह्मण आए हैं। हस्त रेखा देखकर सब बताते हैं। ये खबर राजा दशरथ के महल में दास- दासियों से पहुंचीं। उन्हें बुलाया जाता है। तीनों रानियों ने चारो राज कुमारों को लेकर शिवजी के पास पहुंची। शिवजी प्रभु के पैर छूना चाहते हैं। पैर प्रभु छुपा लेते हैं। तब काग भुसुंड कहते हैं भोले नाथ से प्रभु आशीर्वाद दीजिए अन्यथा पोल खुल जाएगी। शिवजी प्रभु राम को मन ही मन प्रणाम करते है। गोद में लेकर जन्म से विवाह तक की बात मां कौशिल्या को बताते है- कहते है कि जब मुनि विश्वामित्र लेने आए तब समझ लेना, विवाह का समय आ गया है। मां कौशल्या प्रभु राम को सुलाकर पूजा घर जाती है तो वहां रामजी दिखते हैं, जहां सो रहे थे वहां मां कौशल्या को विराट रूप दिखाते हैं। चारो भाइयों का नाम करण होता है। कथा श्रोताओं में तमाम साधु-संत, आम जनता, तमाम प्रांतों से पधारे गुरु भाई- बहन व सदगुरू परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने जिला बदर अपराधी छोटेलाल यादव पुत्र सुखनन्दन यादव ओरा को गिरफ्तार किया। जिला बदर जिलाधिकारी के आदेश का उल्लंघन कर रहा था। उसे गुण्डा एक्ट में जेल भेजा गया। टीम में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा, सिपाही सचिन यादव, गुड्डू यादव शामिल रहे।

सीजेएम का आदेश न मानना दरोगा को पडा भारी

चित्रकूट। न्यायालय में समय से वांछित आख्या न भेजने पर न्यायालय के आदेश की अवमानना एक दरोगा को भारी पड गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे ने चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही को हिरासत में लेने के आदेश दिये। सोमवार को जिला कचहरी के अधिवक्ता मनोज कंचनी ने बताया कि नवम्बर 2023 से प्रतापगढ़ जिले का एक ट्रक जिला खनिज अधिकारी ने सीजकर पुलिस लाइन में खड़ा किया था। ट्रक मालिक व चालक के खिलाफ ट्रक चोरी का मामला 19 नवम्बर 2023 को दर्ज हुआ था। विवेचना परिक्रमा मार्ग खोही चैकी प्रभारी कर रहे थे। न्यायालय से आख्या मांगी जा रही थी। चैकी प्रभारी समय से न्यायालय में आख्या नहीं भेज रहे थे। सीजेएम ने 12 अप्रैल को चैकी प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के आदेश दिये थे। आदेश की भी चैकी प्रभारी ने अवहेलना की थी। चैकी प्रभारी सोमवार को सीजेएम कोर्ट पहुंचे तो न्यायाधीश ने उन्हें हिरासत में ले लिया। शाम को पुलिस अधिकारियों की आरजू-मिन्नत पर न्यायाधीश ने माफी नामा मंजूर कर चैकी प्रभारी को रिहा कर दिया है।

इजराइल पर ईरान के हमले की जी-7 देशों ने की निंदा, संयम रखने का किया आह्वान

लंदन। जी7 देशों के नेताओं ने रविवार को इजराइल पर ईरान के भीषण हमले की निंदा की और "संयम" रखने का आह्वान किया।

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने ऑनलाइन बैठक के बाद एक्स पर लिखा, हमने सर्वसम्मति से इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले की निंदा की"। ह्लहम तनाव कम करने की दिशा में काम करने के अपने सभी प्रयास जारी रखेंगे। गाजा में संकट को यथाशीघ्र समाप्त करने से, विशेष रूप से तत्काल युद्धविराम के माध्यम से, फर्क पड़ेगा। नेताओं ने इजराइल के लिए अपना पूर्ण समर्थन की पेशकश करते हुए कहा कि वे "आगे अस्थिर करने वाली पहल" के जवाब में "आगे कदम उठाने" के लिए तैयार हैं।

बैठक के बाद इतालवी जी 7 प्रेसीडेंसी द्वारा प्रकाशित एक वीडियों वाले बयान में कहा, हम हालात को स्थिर करने और आगे की स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए काम करना जारी रखेंगे। इस भावना में, हम मांग करते हैं कि ईरान और उसके प्रतिनिधि अपने हमले बंद कर दें, और हम आगे और अस्थिर करने वाली पहलों के जवाब में अब और कदम उठाने के लिए तैयार हैं। इस बीच, ईरान ने कट्टर दुश्मन इजराइल के खिलाफ रातोंरात मिसाइलों और हमले वाले ड्रोनों की एक अभूतपूर्व लहर शुरू करने के बाद विश्व नेताओं ने संयम बरतने का आग्रह किया, ऐसे समय में जब गाजा युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। इजराइली सेना ने कहा कि इजराइल और उसके सहयोगियों ने आने वाले अधिकांश प्रोजेक्टाइल को रोक दिया, जिसमें 12 लोगों के घायल होने और किसी की मौत नहीं होने की सूचना है, लेकिन हमले ने इजरायली जवाबी हमले की आशंकाओं को तेजी से बढ़ा दिया। इजराइल के शीर्ष सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी सावधानी और शांति का आग्रह किया। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया, "हम इसे आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। हम ईरान के साथ व्यापक युद्ध की उम्मीद नहीं कर रहे हैं।

राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के लिए अमेरिकी समर्थन की पुष्टि की, लेकिन अपने सहयोगी को अपने आम प्रतिद्वंद्वी ईरान के खिलाफ सैन्य प्रतिक्रिया से दूर रखने का मार्गदर्शन भी किया।

तेहरान पर हमला करने से पहले, इजराइल की सेना ने ईरान को चेतावनी दी थी कि उसे "स्थिति को और अधिक बढ़ाने का विकल्प चुनने के परिणाम" भुगतने होंगे। नेतन्याहू रविवार को अपने युद्ध मंत्रिमंडल की बैठक कर रहे थे, जो कि फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा 7 अक्टूबर के हमले के कारण गाजा संघर्ष के बीच आयोजित किया था।

रात भर, हवाई हमले के सायरन बजते रहे और इजरायली नागरिक बंकरों और आश्रयों में छिपने की कोशिश करते रहे, क्योंकि मिसाइल रक्षा प्रणालियों और लड़ाकू विमानों ने रात के आसमान में ड्रोन और मिसाइलों को रोक दिया। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने रविवार को इजराइल को "लापरवाह" जवाबी कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी दी कि इससे "निर्णायक और बहुत मजबूत प्रतिक्रिया" होगी।

लाहौर जेल में सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले कैदी आमिर तनबा की गोली मारकर हत्या

लाहौर। यहां रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने आमिर तनबा की हत्या कर दी, जो 2013 में लाहौर की कोट लखपत जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के लिए जिम्मेदार था। आमिर तनबा लाहौर के इस्लामपुरा में अपने घर के बाहर खड़ा था, उसी वक्त कम से कम दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारियों ने गोलीबारी की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरबजीत सिंह के हत्यारे आमिर तनबा की हत्या को भाड़े के हत्यारों द्वारा की गई "बदले की हत्या" के तौर पर देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, गोली लगने से आमिर गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल ले जाने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने यह भी दावा किया कि आमिर को पिछले कुछ दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं।

आमिर पर अपने साथी कैदी मुदासिर मुनीर के साथ अप्रैल 2013 में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह पर हमला करने का आरोप लगाया गया था। बताया गया कि दोनों कैदियों ने लाहौर की कोट लखपत जेल में यातनाएं देकर सरबजीत सिंह को मार डाला। लेकिन 15 दिसंबर 2013 को हत्या के सभी गवाहों के अपने बयान से मुकर जाने के बाद अदालत ने आमिर और मुनीर दोनों को बरी कर दिया, जिस कारण आरोपियों को रिहा कर दिया गया।

लाहौर की कोट लखपत जेल के कैदियों आमिर और मुनीर ने सरबजीत पर हमला किया और उसे यातनाएं देकर मार डाला।

कुंद वस्तुओं और ईंटों से की गई यातना से सरबजीत के सिर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें लाहौर के जिन्ना अस्पताल लाया गया और कम से कम पांच दिनों तक गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रखा गया। बाद में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन के मेडिकल बोर्ड ने सरबजीत सिंह को 'मृत' घोषित कर दिया था।

अन्य रिपोर्टों से यह भी संकेत मिलता है कि सरबजीत सिंह की कैदियों द्वारा यातना के पहले दिन ही जेल से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई और वास्तविक घटना पर पर्दा डालने के लिए मामले को और अधिक खींचा गया।

नेपाल के पश्चिम प्रांत में मुख्यमंत्री पद पर एक दल के दो विधायकों ने दावा पेश किया

काठमांडू। नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत में राजनीतिक अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। यहां मुख्यमंत्री पद पर एक ही पार्टी के दो विधायकों ने दावा पेश किया है। एक राजनीतिक दल में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के कारण पहले सरकार गिरी और अब नई सरकार के गठन पर भी उसका असर देखने को मिल रहा है।

इस प्रदेश के राज्यपाल नाजीर हुसैन ने सभी राजनीतिक दलों से एक हफ्ते के भीतर गठबन्धन सरकार बनाने का आह्वान किया। रविवार देररात अंतिम दिन के अंतिम समय पर नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के ही दो विधायकों ने अलग-अलग दलों के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस पार्टी के संस्थापक रेशम चौधरी और उनकी पत्नी पार्टी अध्यक्ष रंजीता श्रेष्ठ के बीच चल रहे मनमुटाव का असर सरकार गठन पर दिखने लगा है। रेशम चौधरी ने विपक्षी कांग्रेस सहित सत्तारूढ़ एकीकृत समाजवादी के समर्थन सहित उनके पक्ष के विधायक लक्ष्मण चौधरी ने राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके ठीक एक घंटे के बाद नागरिक उन्मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष रंजीता श्रेष्ठ पक्ष के विधायक कैलाश चौधरी ने भी माओवादी और एमाले के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश किया ।

ऑस्ट्रेलिया में अपनों के खोने के गम में डूबे लोग

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के उपनगर बौंडी जंक्शन के लोग अपनों के खोने के गम में अब भी डूबे हैं। एक सिरफिरे चाकूबाज के हमले में छह लोगों की मौत से लोग उबर नहीं पा रहे। सामूहिक हत्याकांड के एक दिन बार रविवार को लोग बौंडी जंक्शन में बड़ी संख्या में एकत्र हुए और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए बनवाए गए स्मारक में फूल चढ़ाए।

अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस घातक हमले से ऑस्ट्रेलिया सहम गया है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस अभी तक सिडनी में हत्यारे का मकसद निर्धारित नहीं कर पाई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा है कि हमलावर को मार गिराया गया है। पुलिस ने कहा है कि वह मानसिक रूप से बीमार था। दिल दहला देने वाली यह वारदात प्रसिद्ध बॉन्डी बीच के पास एक महंगे उपनगरीय मॉल में हुई। सिरफिरे चाकूबाज ने नौ महीने की बच्ची सहित लगभग 20 लोगों को चाकू मार दिया। इनमें से छह लोगों ने दम तोड़ दिया।

अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस हमले ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि ऑस्ट्रेलिया, जो अपनी सापेक्ष सुरक्षा के लिए जाना जाता है, में इतनी बड़ी त्रासदी कैसे हो सकती है। यह 2017 के बाद देश में सामूहिक हिंसा की सबसे घातक वारदात है।

नेपाल के सहकारी घोटाला में गृहमंत्री के व्यापारिक पार्टनर सहित 27 के खिलाफ मुकदमा

काठमांडू। नेपाल के चर्चित सहकारी घोटाला में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच की मांग के बीच उनके व्यापारिक साझेदार सहित 27 लोगों के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। गृहमंत्री की संदिग्ध भूमिका की वजह से सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो ने इस घोटाले में गृहमंत्री रवि लामिछाने के व्यापारिक पार्टनर जीबी राई को मुख्य अभियुक्त बनाते हुए जिला अदालत रूपन्देही में मुकदमा दर्ज कराया है। रूपन्देही के एसपी रंजीत सिंह राठौड़ ने बताया कि जीबी राई के अलावा उनके सहकारी बैंक में काम करने वाले कर्मचारी और संचालक समिति के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस घोटाला में पूर्व उपराष्ट्रपति एवं माओवादी नेता नन्दकिशोर पुन के बेटे दीपेश पुन को भी अभियुक्त बनाया गया है। एसपी राठौड़ के मुताबिक सहकारी के संस्थापक जीबी राई के अलावा वर्तमान अध्यक्ष ओमप्रकाश गुरूंग को भी अभियुक्त बनाया गया है।

रवि लामिछाने इस सुप्रीम सहकारी के उपाध्यक्ष रह चुके हैं और उनके नाम से इस सहकारी बैंक से करीब डेढ़ करोड़ रुपये का ऋण लिया है। आरोप है इस धन से रवि लामिछाने के लिए गैलैक्सी न्यूज चैनल खोला गया। सुप्रीम सहकारी बैंक के संस्थापक अध्यक्ष ही गैलेक्सी टीवी के भी अध्यक्ष थे और रवि लामिछाने इस चैनल के एमडी थे।

शॉल्त्स का चीन दौरा: क्या जिनपिंग पर कोई दबाव डाल पाएंगे जर्मन चांसलर?

जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स चीन जा रहे हैं, जहां वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे. शॉल्त्स पर कारोबारी हितों और भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच संतुलन साधने का दबाव होगा.

जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स शनिवार को अपने तीन-दिवसीय चीन दौरे पर रवाना हो रहे हैं. इस दौरे पर शॉल्त्स चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात करेंगे.

शॉल्त्स के साथ शीर्ष स्तर का कारोबारी प्रतिनिधिमंडल भी चीन जा रहा है. उम्मीद की जा रही है कि शॉल्त्स इस दौरे चीन के साथ यूरोपीय संघ और चीन के बीच व्यापार-घाटे के मुद्दे को उठाएंगे. चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है. वहीं जर्मनी इस सूची में तीसरे पायदान पर है.

शॉल्त्स से यह उम्मीद भी की जा रही है कि वह यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर चीन के रूस के साथ संबंधों पर चर्चा करेंगे. साथ ही, वह ताइवान के प्रति चीन की आक्रामकता का मुद्दा भी उठा सकते हैं. ताइवान स्वायत्त द्वीप है, जिस पर चीन अपना दावा करता है.

शॉल्त्स बीजिंग में राष्ट्रपति जिनपिंग और प्रधानमंत्री कियांग से अपने दौरे के आखिरी दिन मंगलवार को मिलेंगे. बतौर चांसलर, यह शॉल्त्स का दूसरा चीन दौरा है. इससे पहले वह नवंबर 2022 में चीन गए थे.

चीन जाने के पीछे क्या है शॉल्त्स का एजेंडा?

शॉल्त्स के पिछले चीन दौरे से अब तक बहुत कुछ बदल चुका है. पिछले साल जर्मनी ने चीन को लेकर अपनी खास रणनीति पर काम शुरू किया था. इसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में चीनी बाजार पर निर्भरता घटाना था. साथ ही, जर्मनी की यह मंशा भी थी कि यूरोपीय संघ (ईयू) चीन के साथ जोखिम घटाने का जो प्रयास कर रहा है, जर्मनी को उसके अनुरूप लाया जा सके.

फिर भी शॉल्त्स औद्योगिक क्षेत्र के बड़े अधिकारियों के साथ चीन जा रहे हैं. इससे संकेत मिलता है कि जर्मनी चीन के साथ कारोबारी रिश्ते बनाए रखना चाहता है.

जूजा एना फेरेंसी यूरोपीय संसद में राजनीतिक सलाहकार रही हैं. वह ताइवान की नेशनल डांग ह्वा यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं. फेरेंसी कहती हैं कि चीन को लेकर जर्मनी के बदले हुए सुर "धरातल पर उतरते नहीं दिखाई देते हैं".



डीडब्ल्यू से बात करते हुए फेरेंसी ने कहा, "सवाल यह है कि शॉल्त्स इस समय चीन क्यों जा रहे हैं. मेरे ख्याल से जर्मनी यह समझने की कोशिश कर रहा है कि अपनी ही तय की हुई प्रतिबद्धताएं कैसे पूरी की जाएं."

फिलिप ले कोर एशिया सोसायटी पॉलिसी इंस्टिट्यूट के 'सेंटर फॉर चाइना एनालिसिस' में चीन-यूरोप संबंधों के विशेषज्ञ हैं. वह कहते हैं कि खुद जर्मनी के भीतर इस पर राय बंटी हुई है कि चीन के साथ व्यापार जारी रखना चाहिए या नहीं.

ले कोर कहते हैं कि यह विभाजन जर्मनी की गठबंधन सरकार में ही नहीं, बल्कि विभिन्न उद्योगों के बीच भी है. "व्यापारिक समूहों के कम से कम दो गुट हैं. इनमें से एक धड़ा चाहता है कि चीन में और निवेश किया जाए, जबकि दूसरे को लगता है कि चीन प्रतिद्वंद्वी बनता जा रहा है."

यूक्रेन और ताइवान पर क्या कहेंगे शॉल्त्स?

कारोबारी दुविधा के अलावा शॉल्त्स पर भू-राजनीतिक मुद्दों को लेकर यूरोपीय संघ का दबाव है. शी जिनपिंग से मुलाकात में उन्हें यूक्रेन में जारी जंग के मद्देनजर रूसी वॉर मशीन को मिल रहे चीन के समर्थन पर भी बात करनी होगी. साथ ही, चीन दक्षिणी चीन सागर और ताइवान जलडमरूमध्य में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाता जा रहा है. इससे पश्चिम चौकन्ना हो गया है.

ले कोर को उम्मीद है कि शॉल्त्स अपने चीन दौरे पर ताइवान का मुद्दा उठाएंगे. वह कहते हैं, "यूरोप में ताइवान मुद्दे पर इतनी दिलचस्पी कभी नहीं देखी गई है. यहां तक कि खुद जर्मनी में भी, जो फ्रांस और ब्रिटेन के मुकाबले ज्यादा कारोबारी मानसिकता वाला देश है." पिछले साल जून में शॉल्त्स की बर्लिन में चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात हुई थी. इसके बाद शॉल्त्स ने जर्मन संसद को संबोधित करते हुए कहा था कि उन्होंने चीन को किसी इलाके को बलपूर्वक हथियाने के खिलाफ चेतावनी दी थी, खासकर ताइवान के खिलाफ. हालांकि, कथित तौर पर ली के साथ मुलाकात में उन्होंने इतनी सख्त भाषा भी इस्तेमाल नहीं की थी, जितनी उन्होंने संसद में बताई. शॉल्त्स के दौरे को लेकर फेरेंसी डीडब्ल्यू से बातचीत में कहती हैं, "इस दौरे से हम उम्मीद कर सकते हैं कि जर्मनी शायद उसी बात पर कायम रहेगा, जो उसने पहले कही है कि ताकत का इस्तेमाल बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है. लेकिन सवाल यह है कि वह सुरक्षा संबंधी चिंताओं और कारोबारी हितों को कैसे साधेंगे".

ले कोर भी ऐसे ही विचार रखते हैं. वह कहते हैं, "वे भू-राजनीति पर बात करने के लिए इकट्ठे नहीं हो रहे हैं. ऐसे में राजनीति या कूटनीति पर आपकी भाषा की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है."

अपनी इलेक्ट्रिक कारों की जांच से 'नाखुश' चीन

चीन की यूरोपीय संघ के साथ अपनी शिकायतें हैं. सबसे अहम तो यही है कि यूरोपीय आयोग चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों और उन्हें मिलने वाली सरकारी सब्सिडी की जांच कर रहा है.

इस जांच का एलान पिछले साल सितंबर में हुआ था. इससे यूरोपीय अधिकारियों को चीन के सस्ते इलेक्ट्रिक वाहनों पर दंडात्मक टैरिफ लगाने का अवसर मिल सकता है, जिसका मकसद यूरोपीय संघ के निमार्ताओं का बचाव करना है.

यूरोपीय संघ में चीन के राजदूत ने इस जांच को 'अनुचित' बताया. उन्होंने कहा, "चीन सहयोग कर रहा था, क्योंकि हम ऐसी परिस्थिति से बचना चाहते हैं, जहां दोनों पक्षों को एक-दूसरे के खिलाफ कारोबारी युक्तियां आजमानी पड़ें."

इंडोनेशिया के सुलावेसी में भूस्खलन से 14 ग्रामीणों की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और एक अन्य लापता है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में चार घर भूस्खलन में दब गए। शनिवार की आधी रात से लगातार हुई भारी बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। मुहारी ने कहा कि बचावकर्मी अभी भी पहाड़ी दक्षिण मकाले गांव में एक लापता ग्रामीण की तलाश कर रहे हैं।

हालांकि, बिजली की कमी, क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण ताना तोराजा के ऊंचे इलाकों में सड़कें अवरुद्ध होने से बचाव कार्य में बाधा आ रही है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

भाड़े के सैनिकों से फायदा उठाता संयुक्त अरब अमीरात

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अफ्रीका और मध्य पूर्व में भाड़े के सैनिकों का ठिकाना है. अब यूएई फ्रांसीसी विदेशी सैन्य टुकड़ी का अपना संस्करण बनाना चाहता है.

नौकरी के एक विज्ञापन ने बहुत सारे लोगों में गहरी उत्सुकता जगा दी. संभवतः इसलिए क्योंकि ये किसी ऐक्शन फिल्म में भर्ती का विज्ञापन जैसा लग रहा था.

विज्ञापन के मुताबिक, जरूरत है "विदेशी सैन्य ऑपरेटर की" जो, 50 साल से कम उम्र का हो, सख्त अनुशासित, तंदुरुस्त, कम से कम पांच साल का सैन्य अनुभव और "अधिकतम तनाव की स्थितियों" में काम करने में सक्षम होना चाहिए. प्रारंभिक वेतन प्रति माह करीब 2000 डॉलर होगा लेकिन संयुक्त अरब अमीरात से यमन या सोमालिया में तैनाती होते ही पगार बढ़ा दी जाएगी.

फ्रांस में उद्योग जगत के एक प्रकाशन-इंटेलिजेंस ऑनलाइन को विज्ञापन का सबसे पहले पता चला था. उसका कहना है कि फ्रांसीसी विशेष विदेशी सैन्य बल (फॉरेन लेजियोन) के भूतपूर्व सैनिकों ने इस विज्ञापन को सकुर्लेट किया है. आगे की जांच से पता चला कि विज्ञापन अबु धाबी में स्थित एक सुरक्षा सलाह देने वाली कंपनी मनार मिलेट्री कंपनी, या एमएमसी की ओर से निकाला गया था. फ्रांसीसी विशेष विदेशी सैन्य बलों के एक पूर्व अधिकारी ये कंपनी चलाते हैं और वित्तीय रूप से अबु धाबी के एक समृद्ध, राजनीतिक रूप से प्रभावशाली परिवार से जुड़े हैं.

रूसी सेना में भर्ती हो कर जंग लड़ रहे हैं नेपाली युवा

विज्ञापन से जुड़ी हर चीज से संकेत मिलता है कि संयुक्त अरब अमीरात अगले साल के मध्य तक, 3000 से 4000 जवानों वाला अपना एक अभिजात विदेशी सैन्य बल स्थापित करना चाहता था.

एमएमसी से संपर्क करने वाले मीडिया संगठनों को सीधा जवाब नहीं मिल पाया है. कंपनी के प्रतिनिधियों ने कहा है कि विज्ञापन वास्तविक नहीं थे, प्रोजेक्ट रद्द हो गया था और और वो दरअसल भ्रामक सूचना थी. एमएमसी ने डीडब्ल्यू के सवालों पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी.

लेकिन जानकारों ने डीडब्ल्यू को बताया कि ये बहुत संभव है कि विदेशी जमीनों पर तैनाती के लिए एक अमीराती विशेष सेना का ऐसा प्रोजेक्ट- वास्तव में अस्तित्व में हो.

लंदन के किंग्स कॉलेज में स्कूल ऑफ सिक्योरिटी स्टडीज के सीनियर लेक्चरर आंद्रियास क्रिग का कहना है कि इंटेलिजेंस ऑनलाइन के फ्रांसीसी सैन्य सेक्टर के साथ अच्छे संबंध हैं और इस लीक के जरिए वे बताना चाहते होंगे कि फ्रांस इस घटना से खुश नहीं. क्रिग के मुताबिक फ्रांसीसी इस बात से चिंतित होंगे कि यूएई में ऊंची पगार वाली नौकरियां उनके सिक्योरिटी स्टाफ को लुभा ले जाएंगी. जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फॉरेन सर्विस में प्रोफेसर और "द न्यू रूल्स ऑफ वॉर" किताब के लेखक सीन मैकफेट उनकी बात से सहमति जताते हुए कहते हैं, "यूएई के इतिहास को देखते हुए लगता है कि यह काम वो करेगा ही. यूएई में सैन्य शक्ति को आउटसोर्स करने की परंपरा है और वो 2011 से ये करता ही आ रहा है." क्रिग कहते हैं, "निश्चित रूप से इन दिनों जब 'मर्सिनरीज' शब्द सुनने में आता है, तो मुझे आमतौर पर रूस से ज्यादा संयुक्त अरब अमीरात का ख्याल आता है. अमीरात, गरीब और विकासशील दुनिया में भाड़े के सैनिकों से जुड़ी गतिविधि का एक प्रमुख ठिकाना सा बन गया है."